शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 113 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 19 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## देश की सुरक्षा के लिए धाकड़ सरकार जरूरी: मोदी

### ये हमारी सरकार है, जो अफगानिस्तान के युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाई: मोदी

**अंबाला**
हरियाणा में पीएम मोदी अंबाला और सोनीपत में रैली के लिए पहुंच गए हैं। इस दौरान वो अंबाला कुरुक्षेत्र और करनाल के मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, रतनलाल कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा है। पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार है, जो अफगानिस्तान के युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाई। हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाना शुरू किया है।

**कांग्रेस का इतिहास, हमारी सेनाओं को फौजियों को धोखा देने का रहा है**
देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इस ट्रैक रिकॉर्ड को कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, हमेशा बनाए रखा। बोफोर्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला... कांग्रेसी, भारत की सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे ताकि विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेट भी ठीक से नसीब नहीं होते थे।
उनके पास अच्छी राइफल तक नहीं थीं। मैंने भारत की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरू किया। आज सेना को मेड इन इंडिया हथियार मिल रहे हैं। जो भारत कभी दूसरे देशों से हथियार मंगाता था, वो अब दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है।

**पाकिस्तान के हाथ में है भीख का कटोरा**
पीएम मोदी ने कहा कि जो पाकिस्तान 70 वर्षों से भारत को परेशान कर रहा था, जिसके हाथ में बम का गोला रहता था, आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। जब धाकड़ सरकार होती है, तो ऐसे ही दुश्मन कांपता है।




### हरियाणा में कांग्रेस सिर्फ बापू-बेटा का खेल: मनोहर लाल




हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि मैं हरियाणा के 2.82 करोड़ लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को राम-राम कहता हूं। मैं चुनाव में जाता हूं तो हम लोग जनता को मोदी की राम-राम देते हैं। फिर लोग कहते हैं कि जब मोदी हरियाणा में आएं तो उन्हें हमारी तरफ से राम-राम देना। कहने को देश में यह लोकसभा का चुनाव है, लेकिन चुनाव के साथ-साथ 2047 में देश को विकसित बनाने के अभियान की शुरूआत है। गांव में जब कोई कांग्रेस का व्यक्ति जाता है तो उसे लोगों के मकान पर लिखा मिलता है प्रधानमंत्री आवास योजना। घर में जल, पंखे और छत सब कुछ मोदी की देन हैं। चाय बनाने के लिए गैस मोदी ने दी। बीमार व्यक्ति का ईलाज मोदी के आयुष्मान कार्ड से हुआ है। इन सभी बातों को देखकर व सुनकर कांग्रेसी परेशान हो जाता है। कांग्रेस के जाते हुए व्यक्ति को मकान मालिक जब राम-राम कहता है तो वह परेशान हो जाता है और वापस बिना किसी वोट की आस के चला जाता है। दुनिया के सब बड़े नेता मोदी को प्रभावशाली नेता मानते हैं।
उन्होंने कहा कि इस नाते से मैं कहता हूं कि कांग्रेस के लोग हताश हैं। उनके दिलों में हीन भावना है।

### हरियाणा तो वो राज्य है, जिसकी रगों में देशभक्ति है: पीएम मोदी




**पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमारे बहु**त पुराने साथी, जिन्होंने संगठन में भी काम किया, सरकार में भी काम किया, हमारे रतन लाल कटारिया जी की बरसी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। 4 जून में अब सिर्फ 17 दिन बचे है। चार चरणों के चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं।
इंडी गठबंधन वालों ने देश के खिलाफ जो भी दांव-पेंच चले थे, उन्हें चुनाव के मैदान में जनता-जनार्दन ने खुद पटखनी दे दी है। हरियाणा तो वो राज्य है, जिसकी रगों में देशभक्ति है। देशविरोधी ताकतों को हरियाणा अच्छी तरह जानता है, पहचानता है।

**मनोहर लाल बड़े त्यागी- अनिल विज**
अंबाला में प्रधानमंत्री मोदी की रैली के मंच पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने पूर्व सीएम मनोहर लाल के बारे में कहा कि मनोहर लाल खट्टर नहीं, बल्कि बड़े त्यागी हैं। अंबाला से भाजपा की प्रभारी बंतो कटारिया ने कहा कि आज के दिन ही रतनलाल कटारिया हमें छोड़कर चले गए थे, तब भाजपा ने मेरे हाथों में कमल का फूल देकर आप लोगों के बीच में भेजा है

## कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में भीषण आग, बच्चों ने बाहर कूदकर बचाई जान

**कछार**
असम के कछार जिले के सिलचर शहर के श्यामा प्रसाद रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान, वसुंधरा अपार्टमेंट में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग लगने के समय कई छात्र कोचिंग संस्थान में मौजूद थे।

**छात्रों को सीढ़ियों से नीचे उतारा गया**
आग लगने के बाद छात्रों को पता चला कि वो नीचे नहीं जा सकते तो सभी लोग अपार्टमेंट की छत पर भाग गएवइसके बाद लोगों ने सीढ़ियों का इंतजाम किया और छात्रों को छत से नीचे उतारा गया।
एक लड़की घायलः इस घटना में बिल्डिंग से गिरकर एक लड़की घायल हो गई, उसे अस्पताल ले जाया गया। आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां पहुंची। गौरतलब है कि आग बुझा दी गई है और कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है।

## किर्गिस्तान में हिंसा को लेकर भारत भी अलर्ट

**बिश्केक**
किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय और विदेशी छात्रों के बीच हिंसक झड़प हुई है। इस हिंसा में पाकिस्तान के तीन छात्रों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, 13 मई को किर्गिज छात्रों और मिस्र के मेडिकल छात्रों के बीच लड़ाई हुई। इसके बाद मामले में तूल पकड़ लिया। स्थानीय छात्रों ने विदेशी छात्रों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। किर्गिस्तान हिंसा की कई वीडियो को पाकिस्तानी छात्रों ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर करते हुए मदद की अपील की।

**स्थिति अब शांत है: एस जयशंकर**
किर्गिस्तान में हिंसा को लेकर भारत भी अलर्ट है। शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, बिश्केक में भारतीय छात्रों के हालात पर निगरानी रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि स्थिति अब शांत है। छात्रों को दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है।

**भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी**
किर्गिस्तान में मौजूद भारतीय दूतावास ने लिखा, "हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है।

## जंगलों को आग के खतरों से बचाने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने** जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता जाहिर की है। साथ ही कहा है कि कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाया जाना चाहिए। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हर कोई जंगलों की रक्षा में रुचि रखता है। सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को जंगल की आग को रोकने और नियंत्रित करने के लिए धन के उपयोग, वन विभाग में रिक्तियों को भरने और अग्निशमन के लिए जरूरी उपकरण सहित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जब तुषार मेहता ने पीठ को अग्निशमन के लिए उपलब्ध कराए जा रहे उपकरणों के बारे में बताया तो पीठ ने कहा कि आपके द्वारा केवल आंकड़े दाखिल कर दिए जाते हैं। जब आपके वन रक्षकों की तस्वीरें और साक्षात्कार दिखते हैं तो पता चलता है कि वे केले के पत्तों का उपयोग करके आग बुझा रहे हैं। पीठ ने आगे कहा कि यह एक ऐसा तथ्य है जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है। पीठ ने कहा कि हमने तस्वीरों के साथ रिपोर्ट्स में जो पढ़ा है उससे सवाल पूछ रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए मेहता ने कहा कि मीडिया में छपी रिपोर्ट्स को मैं कमतर नहीं आंक रहा हूं, लेकिन कभी-कभी उन रिपोर्ट्स पर पूरी तरह से भरोसा कर लेना खतरनाक हो सकता है। इस दौरान मेहता ने दावा किया कि रिपोर्ट्स में दिखाई गई तस्वीरों में कुछ कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग की हैं।

## बुंदेलखंड की वीरभूमि पर गरजे शाह

### अगर पाकिस्तान ने कोई गलती की तो गोलों से करेंगे सफाया



**झांसी**
बुंदेलखंड की वीरभूमि पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को हुंकार भरी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में तुवन मैदान पर आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि देशी अंग्रेजों के सामने बुंदेलों को एक बार फिर से लड़ाई लड़नी है और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में आतंकवाद का सफाया कर दिया है। अब अगर पाकिस्तान ने कोई गलती की तो बुंदेलखंड के बने गोलों से उसे साफ कर देंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर दुनिया राम उत्सव में मग्न थी, लेकिन अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल बाबा और उनकी बहन प्रियंका को निमंत्रण देने के बाद वह नहीं गए। राहुल बाबा अपने वोट बैंक से डरते हैं, क्योकि उनके वोट बैंक में बंगलादेश से आए घुसपैठिए नाराज हो जाएंगे।
उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लालच में मणिशंकर अय्यर ने यहां तक कह दिया कि पाक को सम्मान दो उसके पास एटम बम है, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार में पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और रहेगा। कांग्रेस पर देश को दो टुकड़ों में बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बांटना चाहती है, लेकिन नरेंद्र मोदी के रहते कोई भारत को तोड़ नहीं सकता है। जनता से पूछा कि एक ओर राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले हैं तो दूसरी ओर भव्य राम मंदिर बनवाने वाले हैं, तय आपको करना कि किससे साथ जाएंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव में राहुल बाबा के इंडिया एलाइंस का सूपड़ा साफ हो रहा है। सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित करने का काम किया है।


## फसलों में कीटनाशकों के इस्तेमाल से हो रही मौतें? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से याचिका पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने उस याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा जिसमें दावा किया गया है कि फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रसायनों के अत्यधिक उपयोग के कारण देशभर में मौतें हो रही हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पाडीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र सरकार, कृषि मंत्रालय, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) व अन्य को नोटिस जारी किए और याचिका पर उनका जवाब मांगा। वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शिनाय ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने देशभर से आंकड़े एकत्रित किए हैं जिनमें कीटनाशकों की वजह से काफी बड़ी संख्या में मौतें होने का पता चलता है।

**याचिकाकर्ता का दावा- देशभर में हो रही मौतें:** शीर्ष अदालत अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है, "फसलों एवं खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अकार्बनिक रासायनिक पदार्थों का उपयोग और अति प्रयोग देश में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों के प्राथमिक और प्रमुख कारण के रूप में उभरा है। इन रसायनों में कीटनाशक, खरपतवारनाशी, कवकनाशी एवं अन्य अकार्बनिक रासायन शामिल हैं। कीटनाशकों या अकार्बनिक पदार्थों का उपयोग और अति प्रयोग खाद्य प्रदूषण है। यह वायु प्रदूषण की तरह साइलेंट किलर है। एक बार जब भोजन या फसल कीटनाशकों से दूषित हो जाती है, तो इसकी विषाक्तता संपूर्ण खाद्य श्रृंखला में तेजी से फैलती है।

## 5वां चरण: 49 सीटें, 695 उम्मीदवार, राजनाथ से राहुल तक की सीट पर चुनाव




**नई दिल्ली**
**देश** में इस वक्त लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। अब तक लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के चार चरण पूरे हो चुके हैं। वहीं पांचवें दौर का चुनाव प्रचार आज थम जाएगा। इस चरण के लिए मतदान 20 मई को है। इस चरण में आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों के लिए वोटिंग होगी। इन प्रदेशों से 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पांचवें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है।
जिन उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत कई हाई-प्रोफाइल चेहरे भी शामिल हैं।

## बढ़ रही भारतीय टैलेंट की मांग: एस जयशंकर

**नई दिल्ली**
**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने वैश्विक स्तर पर भारतीय कौशल और प्रतिभा की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया और कहा कि दुनिया के विकसित देश अब भारत के साथ गतिशीलता समझौते करने में रुचि दिखा रहे हैं। नई दिल्ली में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए यह जयशकंर ने विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के दायित्व पर भी जोर दिया।

**भारतीय कौशल और प्रतिभा की भूमिका**
जयशंकर ने कहा कि ' ज्ञान अर्थव्यवस्था के युग में, भारतीय कौशल और प्रतिभा की भूमिका का भी पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट ही अधिक मांग पैदा कर रही है, लेकिन विकसित देशों में डेमोग्राफिक शॉर्टेज की वास्तविकता भी है।

## हरियाणा में चलती बस में आग, 10 श्रद्धालु जिंदा जले, 25 से ज्यादा झुलसे

### मथुरा-वृंदावन से लौटते समय एक्सप्रेस-वे पर हादसा



**गुरुग्राम**
**हरियाणा के नूंह में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर** शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे भीषण हादसा हुआ। यहां श्रद्धालुओं से भरी बस में आग लग गई। आग्निकांड में दस यात्री जिंदा जल गए। जबकि 28 झुलस गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार सभी लोग पंजाब के रहने वाले हैं।
बस में सवार यात्री बीते शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस किराए पर लेकर बनारस और मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए निकले थे। वृंदावन में सुबह 6:30 बजे पहुंचने के बाद शुक्रवार रात 10:30 बजे बस होशियारपुर के लिए वापस निकली थी। बस में 60 लोग सवार थे। जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे। जो पंजाब के लुधियाना होशियारपुर और चंडीगढ़ के रहने वाले थे। शुक्रवार-शनिवार की रात वह दर्शन कर वापस लौट रहे थे। देर रात डेढ़ बजे के करीब बस में आग लग गई। हादसे से आधा घंटा पहले पेट्रोल पंप पर बस रुकी थी। पेट्रोल पंप पर 30 मिनट तक बस खड़ी रहने के दौरान एसी चल रहा था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि एसी में शॉर्ट सर्किट से बस में आग लगी है। चलती बस में आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बस में सवार पीड़ित श्रद्धालु सरोज पुंज और पूनम ने बताया कि वह आगे की सीट पर बैठी हुई थी। उन्होंने बस से कूदकर जान बचाई।

**नूंह: बस हादसे में मारे गए 9 में से 6 की हुई पहचान**
तावडू उप मंडल के समीप केएमपी एक्सप्रेसव-वे पर शुक्रवार की आधी रात के बाद बस में आग लगने के हादसे में सभी घायलों का राजकीय शाहिद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में उपचार चल रहा है। इस हादसे में मारे गए 9 लोगों में से 6 की पहचान हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कर दिया गया। दो लोगों को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। नूंह के डीसी धीरेंद्र खटकड़ा के मुताबिक इस घटना को लेकर तावडू के एसडीएम संजीव कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। घटना के संबंध में उनके मोबाइल नंबर 9996384249 तथा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 8930900281 पर संपर्क किया जा सकता है। बस में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए मधुबन से फोरेंसिक विभाग की टीम नूंह पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक हादसे में 9 लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, जिन में 6 महिलाएं व तीन पुरुष शामिल है। हादसे में घायल हुए लगभग 20 लोगों को का उपचार मेवात मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है।

# अनियंत्रित पिकअप जीप ने बाइक में मारी टक्कर महिला की मौत, पति व बेटी घायल

**उतरांव थाना क्षेत्र के रनियाडीह गांव के पास नहर की पुलिया पर हुआ हादसा**

अखंड भारत संदेश





**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के रनियाडीह गांव के पास नहर की पुलिया पर तेज रफ्तार गैस लदी पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पल भर में अनहोनी की घटना घर वालों को हुई तो कोहराम मच गया। हंडिया थाना क्षेत्र के पहाड़पुर सैदाबाद गांव निवासी दलित चिंतामणि अपनी पत्नी निर्मला देवी 40 और बेटी शिवानी 20 के साथ रिश्तेदारी से घर जा रहा था। शनिवार दोपहर वह जैसे ही रनियाडीह गांव के पास स्थित नहर की पुलिया के पास पहुंचा था तभी बलीपुर की तरफ से तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप सड़क पार होते समय बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक समेत उस पर सवार तीनों लोग छिंटक कर नहर में जा गिरे। जिससे डिवाइडर में पिकअप टकरा जाने से डिवाइडर की दीवार भी नहर में गिरे लोगों पर गिर गई। जिससे चिंतामणि की पत्नी निर्मला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।वही चिंतामणि और उसकी बेटी शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी मय फोर्स पहुंचकर घायलों को तुरंत अस्पताल भेजवाया। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से अफरा तफरी मच गई थी। पिकअप गैस एजेंसी की बताई जा रही है जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## इरादतगंज बाजार के हाइवे पर ट्रेलर चालक को अपाचे संवार बदमाशो ने तमंचा सटाकर रूपए से भरा बैग लेकर फरार

**प्रयागराज।** घूरपुर के इरादतगंज बाजार के हाईवे पर शनिवार की शाम करीब 8 बजे पर सफेद अपाचे पर सवार दो बदमाशो ने नो इंट्री से पहले सुविधा शुल्क देकर पास करने वाले वाहनों की कतार में खड़े ट्रेलर चालक को गेट खोल अंदर घुस तमंचा सटा रूपयो से भरा बैग लेकर शहर की ओर भाग निकले। घटना सुन चौराहे पर तैनात पुलिस और ट्रक चालक भी पीछा किए। इसकी सूचना के बाद थाने की पुलिस जीप भी पीछा करने निकली है। आशंका है कि भारी रकम ट्रेलर चालक के पास रखेजाने की मुखबिर से मिली सूचना के बाद बदमाशो ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है राजपूत ट्रांस्पोर्ट की ट्रेलर थी। और लगभग इसी ट्रांस्पोर्ट की दर्जन भर ट्रेलर नो इंट्री के पहले जाने की कतार में खड़े थे। नो इंट्री के पहले निकलने वाले भारी वाहनों की भारी संख्या में वाहनों की कतार लगने से हाईवे पर जाम लग गई और लुटेरे मौका पा लूट का अंजाम दे दिए।

# कोराव इंस्पेक्टर ने हत्या अभियुक्त को किया अरेस्ट



**कोरांव।** थाना कोरांव प्रभारी राकेश कुमार भारती इन दिनों चुनाव ड्यूटी में ज्यादातर लगे अधीनस्थ दरोगा और आरक्छियों के बावजूद बड़े घटनाओं के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी प्रतिदिन कर रहे हैं जिससे आज कल वो चर्चे मैंने और अपराधियों में भय है। थाना कोराव में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 91/2024 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 308, 302/34 आईपीसी में नामजद बृजेश कुमार डुवेडी उर्फ मालिक पुत्र राम भागवत दुबे ग्राम खोचा खीरी प्रयागराज को रत्यौरा चौराहे के निकट मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कत्ल में प्रयुक्त लाठी बरामद की गई।

# युवक पर कार चढ़ाकर हत्या की कोशिश तीन लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के नरई गांव निवासी अनिल पटेल पुत्र रामचन्द्र पटेल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि गत 14 मई की रात करीब आठ बजे उनका भतीजा अंकित पटेल अपने साथी मल्लिकार्जुन तिवारी पुत्र सुरेश चंद्र तिवारी निवासी रूदापुर के साथ बाइक से अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था। जैसे ही वह चिरौड़ा नहर के आगे पहुंचा ही था कि इसी बीच कार सवार तीन युवक पहुंचे और उन्हें रोककर पहले हॉकी और तमंचे के बट से पिटाई करना शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आरोप यह भी है कि कार सवार युवकों ने जान से मारने की नियति से सड़क पर गिरे घायल युवकों पर कई बार अपनी कार रिवर्स कर चढ़ाया। यह दृश्य देख आसपास के ग्रामीणों के पहुंचने पर वे सब कार सवार भाग निकले। जिससे मल्लिकार्जन का बायां पैर तीन जगह से टूट गया और कमर में फैक्चर भी हो गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटे आई। वहीं अंकित भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूलपुर में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होते देख डाक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। घटित

घटना के तीन दिन बाद 17 मई को 11 बजे रात अनिल पटेल की तहरीर पर फूलपुर पुलिस ने प्रांजल यादव निवासी दैलापुर,फूलपुर सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पर गंभीर रूप से घायल दोनों युवक अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। बताते हैं कि घायल युवकों से आरोपित युवकों की किसी बात को लेकर एक दिन पहले विवाद हुआ था। इसी खुन्नस के कारण दूसरे दिन इस घटना को अंजाम दिया गया।

## रंजिश में युवक को लाठी डंडो पीट किया लहुलुहान

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडों से मार कर लहुलुहान कर दिया गया। पुलिस ने तीन नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम गांव निवासी अनमोल पटेल पुत्र आशाराम का आरोप है कि वह मुर्गी का दाना आटो पर लदवा कर घर जा रहा था। आरोप है कि ग्राम बरताल के पास उसके गांव के कतिपय लोग पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडो से मार पीट कर लहूलुहान कर दिए तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। अनमोल पटेल ने मऊआइमा थाना में सबरेज उर्फ सब्बू, जिसान, आयान तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## पुत्र रत्न की प्राप्ति पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन 25 को

**मेजा।** पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर एमएल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा आगामी 25 मई को सिरसा स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस में गोस्वामी तुलसीदास कृत राम चरित मानस पाठ एवं बरहों कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने देते हुए बताया कि अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ 25 मई से होगा जिसका समापन 26 मई को किया जाएगा। तत्पश्चात बरहों एवं भंडारा तथा महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी आमंत्रित अतिथियों को उक्त तिथि पर पहुंच कर भंडारे में शामिल होने की अपील किया है।

# चुनावी पारा चढ़ाने को प्रयाग आ रहे अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, अखिलेश और राहुल गांधी, 19 को होंगी जनसभाएं

**सीएम योगी आदित्यनाथ गंगापार और यमुनापार में करेंगे जनसभा अखिलेश और राहुल गांधी मुंगारी में बढ़ाएंगे मतदाताओं का जोश**

अखंड भारत संदेश

**बारा/प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी तापमान बढ़ता जा रहा है। 25 मई के पहले तक सभी पार्टियों के दिग्गजों का चुनावी कार्यक्रम तय हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 21 मई को इलाहाबाद आ सकते हैं। इसके पूर्व 19 मई को इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर मतदाताओं को लुभाने के लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह, सीएम योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव और राहुल गांधी भी पहुंच रहे हैं। अमित शाह भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में सोरांव (यमुनापार) सुबह नौ बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो जनसभाओं को खिताब करेंगे। पहली जनसभा इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र (यमुनापार) के करछना, कोहड़ार में होगी, जबकि दूसरी जनसभा फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में है। फूलपुर में बहरिया इलाके में सीएम की जनसभा की तैयारी की जा रही है। इलाहाबाद से भाजपा ने नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया है। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन भी इलाहाबाद लोकसभा सीट पर 19 मई को ही जनसभा करने जा रहा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी करछना के मुंगारी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में मिजार्पुर रोड स्थित मुंगारी में यह जनसभा दो बजे से होगी। सपा (यमुनापार) जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने बताया कि अखिलेश यादव चार्टर्ड विमान से बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, इसके पश्चात हेलीकॉप्टर से मुंगारी पहुंचेंगे। राहुल गांधी अपने निजी विमान से सभास्थल पर पहुंचेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोरांव गांव में जनसभा आज



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा तहसील के विकासखंड उरूवा के सोरांव गांव में केन्द्रीय गृह सहकारिता मंत्री अमित शाह आज इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र 52 के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**डीएम व कमिश्नर ने जनसभा स्थल का किया निरीक्षण मातहतों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

उक्त आशय की जानकारी नीरज द्विवेदी मीडिया प्रभारी चुनाव प्रबंधन समिति लोकसभा ने देते हुए बताया कि जनसभा स्थल का जायजा लेने एवं चाक चौबंद व्यवस्था के लिए प्रशासन ने कमर कस लिया है। ऐसे में शनिवार को शाम चार बजे डीएम नवनीत चहल व कमिश्नर प्रयागराज अमित शर्मा सोरांव गांव में होने वाली जन सभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया संबधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सफल जीवन का आधार मूल्यवान शिक्षा : डा0 सुग्रीव सिंह

**प्रयागराज।** शनिवार को राजकीय लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज एण्ड हांस्पीटल फाफामऊ, प्रयागराज में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य वक्ता डां0 सुग्रीव सिंह ने कहा कि सफल जीवन का आधार केवल मूल्यवान शिक्षा है। मूल्यवान शिक्षा के बिना जीवन कुछ भी नहीं है। जो व्यक्ति जितना शिक्षित होता है उसी के अनुसार उसे भविष्य में आदर, सम्मान, इज्जत व प्रतिष्ठा मिलती हैं। यदि आप जीवन मे सही सोच के साथ सही दिशा में कार्य करते हैं तो सफलता अवश्य प्राप्त होती हैं। धन्यवाद ज्ञापन कालेज के रवि शर्मा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र, शिक्षक आदि सम्मानित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जिला अपराध निरोधक समिति ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले कर किया कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश



**कोराव।** 18 मई को जिला अपराध निरोधक समिति कोराव के तत्वाधान में जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी प्रयागराज, मुख्य विकास अधिकारी, जागरूकता मतदान सहायक स्वीप अधिकारी पी एन सिंह जिलाविद्यालय निरीक्षक, प्रदेश सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में 25 मई को शत प्रतिशत मतदान होने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ थाना कोराँव के थानाध्यक्ष राकेश भारती के हस्ताक्षर से प्रारम्भ हुआ। थाना कमेटी प्रभारी नरेन्द्र देव मिश्रा जी के मार्ग दर्शन में अधीनस्थ टीम के वालेंटियर उपस्थित रह कर जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान किये। जिसमें मुख्य रूप से तहसील संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल, सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह, मिडिया प्रभारी मो ङ्क असलम, राकेश कुमार केशरी, संतोष कुमार जायसवाल, चिदानंद मिश्रा, सुदीप कुमार, कौशलेश कुमार, लखन लाल जैसल, सिया राम डा ङ्क रामचंद्र, मुकेश कुमार अजमेर अली,निसार अहमद, अजय कुमार, रमाकांत सिंह, पृथ्वीराज वर्मा, उमेश कुमार, रंग बहादुर आदि थाने के हेड मुहर्ररिम श्री विनोद यादव व अन्य उपनिरीक्षक गण तथा जनमानस के व्यक्ति भी अभियान के तहत हस्ताक्षर किये तत्पश्चात जनमानस के बिच मतदाता जागरूकता शपथ कराया गया, लोगों को मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई बाल लीला माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजन की कथा

अखंड भारत संदेश

**-कठौली की श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब - भाग 4**



मेजा। विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे चौथे दिन की कथा में बाल लीला माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजन प्रहलाद के प्रसंग की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। कथा का नजारा ऐसा रहा कि मानों कठौली गांव श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन हो गई है श्रोताओं का तांता लगा रहा। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि पांचवें दिन की कथा महारास कंसबध एवं रुकमणी विवाह पर आधारित होगी। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

# श्रमजीवी सेवा समिति ने भय मुक्त लोकसभा चुनाव पर लोगों को किया जागरूक



**सैदाबाद।** श्रमजीवी सेवा समिति संस्थान के द्वारा शनिवार को भय मुक्त लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। संस्थान के द्वारा लोगों चुनाव के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए कहा गया कि देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जाने के लिए भारत देश के प्रत्येक मतदाताओं का दायित्व होता है,कि अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए प्रगतिशील सरकार का चयन करना सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। देश के प्रगतिशील एवं इच्छाशक्ति युक्त सरकार के चयन में एक एक बोट की कीमत है, जैसे एक एक बूँद से सागर बनता है वैसे ही एक एक बोट से सरकार बनती है। आज बदलते परिदृश्य में लोक सभा चुनाव 2024 को यादगार बनाने के लिए नए मतदाता एवं पुराने मतदाता को जहाँ भी जैसे भी स्थिति में हो मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए तत्पर होना होगा। मतदाताओं को आत्ममंथन करना होगा कि हमारा संविधान सरकार चुनने की प्रक्रिया में मतदान का आधारभूत संरचना तैयार किया है। चुनाव में स्वविवेक का उपयोग करते हुए बिना किसी दबाव, लालच, स्वार्थ, अतिशयोक्ति लुभावना घोषणापत्र, जाति, धर्म, संप्रदाय, इत्यादि से परे मतदान के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। अंत में संस्थान सचिव लाल जी सिंह आम जन मानस एवं मतदाताओं से अपील और विनती कर्ता हूँ कि शत प्रतिशत मतदान करके अपनी पसन्द की सरकार चुनने में सहयोग प्रदान करें।

# ईश्वर शरण डिग्री कालेज के पास चली गोली, 3 घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ईश्वर शरण डिग्री कालेज के पास पानी के लेकर हुए मामूली विवाद में चली गोलीबारी में सब्जी लेने गए नाना, नाती सहित एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली चलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके कर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ईश्वर शरण डिग्री कालेज के पास शनिवार देर शाम पानी को लेकर शुरू हुए विवाद में आरोपियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दिया। मार्केट में सब्जी ले रहे राम आसरे ओझा 62 वर्ष और उनके नाती विनायक ओझा 12 पुत्र अनंत ओझा भी गोली लगने से घायल हो गए है। पानी बेचने वाले युवक को भी लगी है जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। गोली चलने के बाद भारी भीड भाड़ वाला इलाका में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। आस पास के दुकानदार, छात्र - छात्राएं भाग कर अपनी जान बचाने लगे। अगल बगल लगी तमाम दुकनादारों ने दुकान बंद कर दिए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही



आला अधिकारियों के साथ कई थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## औद्योगिक क्षेत्र में तालाब में कूद कर युवक ने दी जान

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी तालाब में शनिवार को एक युवक कूद कर अपनी जान दे दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र स्थित महुआरी तालाब के समीप सड़क किनारे शनिवार शाम को एक लगभग 20 वर्षीय युवक पहुंचा और वहीं पुलिया पर लगभग आधे घंटे तक धूप में बैठा रहा। बताते हैं कि अचानक वह युवक पुलिया से उठकर सीधे तालाब की ओर पहुंचा। इससे पहले वहां पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते, वह तालाब में छलांग लगा दिया। यह देख वहां पर हड़कंप मच गया और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस मौके पर पहुंची और लवायन कला से गोताखोरों की टीम को बुलाकर पानी में उतर गया। काफी प्रयास के बाद गोताखोरों ने पानी के अंदर से युवक के शव को बरामद करते हुए बाहर निकाला। पुलिस ने काफी देर तक मृतक युवक की पहचान कराने के लिए प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। मृतक युवक के शरीर पर लाल शर्ट और लोअर पहना हुआ था। हालांकि पुलिस ने अज्ञात में पंचायत नामा भर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को बनाएं मजबूत : राकेश भारती

## डीसीपीसी के द्वारा मतदाता जागरुकता को चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक समिति कोरांव के तत्वावधान में शनिवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मतदाता जागरुकता को चलाए गए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ कोरांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश भारती ने किया। राकेश भारती ने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त है। मतदान के इस अधिकार का पालन करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगामी 25 मई को समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। स्वीप प्रभारी सीडीओ, सहायक स्वीप अधिकारी/डीआईओएस पीएन सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीसीपीसी ने भी अतुलनीय योगदान दिया।डीसीपीसी के तहसील सचिव दिग्विजय सिंह ने कहा, प्रदेश सचिव (डीसीपीसी) संतोष कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में क्षेत्र में मतदाताओं को जागरुक करने का अभियान अनवरत चलाया जा रहा है। थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र के मार्गदर्शन में अधीनस्थ टीम के वालंटियर्स ने जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। इस आयोजन में तहसील संयुक्त सचिव संगमलाल जायसवाल, सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम, राकेश कुमार केशरी, संतोष कुमार जायसवाल, चिदानंद मिश्र, सुदीप कुमार, कौशलेश कुमार, लखनलाल जैसल, सियाराम, डा. रामचंद्र, मुकेश कुमार, अजमेर अली, निसार अहमद, अजय कुमार, रमाकांत सिंह, पृथ्वीराज वर्मा, उमेश कुमार, रंग बहादुर, थाने के हेड मोहर्रिर विनोद यादव आदि ने हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता की और मतदान के लिए प्रेरित किया।

# मंदिर के अंदर लगे दान-पात्र तोड़कर चोरों ने उड़ाए हजारों रुपए

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के छिवकी ददरी में स्थापित एक प्राचीन मंदिर में लगे दान पात्र का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटित वारदात की जांच पड़ताल की। वहीं मंदिर के पुजारी ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के छिवकी ददरी में प्राचीन श्री गदा माधव मंदिर स्थापित है। मंदिर में रहने के लिए स्थान न होने पर प्रतिदिन की तरह शुक्रवार देर शाम को ददरी निवासी पुजारी अभिषेक तिवारी मंदिर में ताला बंद कर अपने घर चले गए। शनिवार सुबह जब वह मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो तब उन्हें घटित वारदात की जानकारी हो पाई। मंदिर के पुजारी अभिषेक तिवारी के मुताबिक मंदिर के छावनी हेतु ऊपर लगे टीन सेट को हटाकर चोर अंदर दाखिल हो गए और वहां पर लगे दान पात्र को तोड़कर हजारों रुपए लेकर फरार हो गए। इतना ही नहीं वहां पर मौजूद आलमारी को भी खंगाला गया। जिसमें पूजा सामग्री आदि रखे हुए थे। इसी प्रकार चोरों ने उक्त घटित वारदात स्थल से कुछ दूरी पर स्थित एक मकान के बाहर खड़ी साइकिल को भी चोर लेकर फरार हो गए।

## साइकिल पर भी किया हाथ साफ



## जूता-चप्पल के गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

**प्रयागराज।** कोतवाली के बहादुरगंज स्थित जूते-चप्पल के गोदाम में शनिवार सुबह आग लग गई। इसमें लाखों का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।अनिल जायसवाल बहादुरगंज में स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स में जूते-चप्पल की दुकान संचालित करते हैं। बेसमेंट में ही उन्होंने गोदाम बना रखा है जिसमें भारी मात्रा में सामान स्टोर किया गया है। शनिवार सुबह 8.30 बजे के करीब बेसमेंट से धुआं निकलता देख लोगों ने सूचना दी तो पुलिस पहुंची। थोड़ी देर बाद फायर ब्रिगेड भी आ गई। शटर खोला गया तो गोदाम में भीषण आग लगी थी।फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने पानी की बौछार कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। गोदाम तक फायरब्रिगेड की गाड़ी आने का रास्ता न होने की वजह से फायरकर्मियों को फायर टेंडर से छह हौज पाइप जोड़कर राहत कार्य करना पड़ा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव पांडेय ने बताया कि दुकानदार ने लाखों के नुकसान की आशंका जताई है। कोई जनहानि नहीं हुई है।

# आसमान से बरसी आग, पारा 45 के पार, गर्मी में प्रयागराज सूबे में अव्वल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पांच दिनों तक लू चलने के पूर्वानुमान ने दूसरे ही दिन लोगों को परेशानी में डाल दिया। पूरे दिन आसमान से आग बरसती रही। ऐसे में 18 मई वर्ष 2024 का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके लिहाज से प्रयागराज पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म जिला साबित हुआ।हालांकि अप्रैल से लेकर अब तक यह पांचवां अवसर है, जब प्रयागराज पूरे प्रदेश में गर्मी के मामले में नंबर एक पर रहा है। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी 31.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि इस वर्ष के न्यूनतम तापमान में सबसे अधिक रहा। ऐसे में दिन के साथ अब रात में भी गर्मी ने अपना पैर पसारना शुरू कर दिया है। वहीं गर्मी के प्रचंड रूप को देखते हुए, जिला प्रशासन ने शनिवार को हीट वेव की एडवाइजरी जारी कर दी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आशु पांडेय ने सभी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपने यहां व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश जारी किया है।



एडवाइजरी में बच्चों, बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर सावधानी बरतने की सलाह देते हुए सभी वर्ग के लोगों व जानवरों को धूप से बचने के प्रति जागरुक किया गया है।

**हीटवेव से ऐसे बचें :** 1-मौसम से संबंधित सूचनाओं पर निगाह रखें । 2-बिना प्यास लगे पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं 3-खुद को हाइड्रेटेड रखें, ओआरएस, लस्सी, छाछ, नींबू पानी, शिकंजी पीएं । 4-हल्के वजन, हल्के रंग के ढीले तथा सूती कपड़े पहनें । 5-सिर ढकने के लिए कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें । 6-हाथों को पानी तथा साबुन से बार-बार धोएं 7-अनावश्यक रूप से सुबह 11 से शाम चार बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें ।

**पशुओं का ख्याल रखें :** 1-जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान उन्हें घर के भीतर रखें । 2-घर के भीतर संभव न हो, तो किसी छायादार स्थान पर रखें । 3-किसी बंद जगह पर जानवरों का न रखें । 4-साफ-सुथरा रखें व पीने के लिए साफ पानी दें, वहीं दिन के समय पानी में बर्फ के टुकड़े डाल दें । 5-पालतू जानवर के खाने को धूप में न रखें । रविवार को भी तेज धूप रहने की संभावना है। इसकी वजह से तापमान में वृद्धि होगी और लू चलेगी। आसमान साफ रहने की संभावना है।

**- प्रो.एचएन मिश्रा, मौसम वैज्ञानिक,**

प्रयागराज हीट वेव को लेकर सभी अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा डॉक्टरों की टीम पूरी तरह से तैयार रहेगी। वहीं आवश्यकता पड़ने पर एंबुलेंस 108, पुलिस 112, राहत आयुक्त कार्यालय 1070 टोल फ्री व जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के कंट्ल रूम 0532-2641577 व 0532-2641578 पर संपर्क कर सकते हैं।

**- डॉ.आशु पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज**

# गुम हुए मोबाइल पा कर खुश हुए लोग



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** अचानक आप का खोया हुआ मोबाइल मिल जाये तो खुशियों का ठिकाना नही रहता ऐसा ही नजारा शनिवार को झूंसी थाने पर तब दिखा जब दर्जन भर लोगो के खोए हुए फोन पुलिस ने उन्हें वापस सौपे। झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने सौपे गए मोबाइल फोन की कीमत डेढ़ लाख से अधिक की बताई उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक जयनारायण यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव, सिपाही धीरेंद्र कुमार विनीता पटेल, श्वेता यादव व सर्विलांस सेल की मदद से जिले भर के झूंसी में खोए हुए 12 मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। मोबाइल पाने के बाद सभी ने कहा कि हम लोगों ने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे।

## शत प्रतिशत मतदान हेतु आयोजित हुई अधिवक्ता गोष्ठी

**प्रयागराज।** लोक जागरण मंच की ओर से शत प्रतिशत मतदान को लेकर आज शनिवार को शाम चार बजे हाइकोर्ट स्थित ओम साईं रेस्टोरेंट में अधिवक्ताओं की गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में ऐसे अधिवक्ता उपस्थित रहे जो मूल रूप से कौशांबी के थे और उच्च न्यायालय में निरंतर वकालत पेशे से जुड़े हैं। उनके साथ बैठकर शत प्रतिशत मतदान को लेकर प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उच्च न्यायालय में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता चतुर्थ और अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश महामंत्री शीतला प्रसाद गौड़ शीतल ने अधिवक्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अधिवक्ताओं को शत प्रतिशत मतदान की प्रतीज्ञा दिलाई। साथ राष्ट्र के हित में मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं से विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ। बैठक में संतोष दुबे ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता अधिवक्ता श्रीराम चौधरी ने की। इस मौके पर अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम एम के उपाध्याय, अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता दिलीप केशरवानी, अपर शासकीय अधिवक्ता गणेश प्रसाद मिश्रा, अपर शासकीय अधिवक्ता उमाशंकर मिश्रा, अपर शासकीय अधिवक्ता रामेश्वर दत्त पांडेय, सर्वेश सिंह, स्थाई अधिवक्ता सुरेश कुमार वर्मा, प्रशांत कुमार सिंह, पुष्कर मिश्रा, मनीष द्विवेदी, ओंकार आदि रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा स्थल परेड ग्राउंड में भाजपाइयों ने किया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश

## राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन अग्रवाल ने जनसभा स्थल का किया निरीक्ष



**प्रयागराज।** 21 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद राधा मोहन अग्रवाल ने जनसभा स्थल परेड ग्राउंड में भूमि पूजन किया और ईश्वर से कुशलता पूर्वक कार्यक्रम संपन्न होने की कामना की जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन अग्रवाल ने जनसभा स्थल और प्रधानमंत्री जी की हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गौतम, गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्र आनंद वैश्य सुदर्शन, रूपेश बबलू, गिरजेश मिश्रा, शत्रुघ्न जायसवाल, आनंद दुबे, गीता विश्वकर्मा , विक्रमजीत सिंह भदौरिया, आशीष गुप्ता एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान क्विज में तनु का दूसरा स्थान



**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कक्षा– 8 की छात्रा तनु शर्मा ने पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय पालपुर विकासखंड चाका का गौरव बढ़ाया। सर्टिफिकेट एवं उपहार देकर आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी चाका के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी चाका, एआरपी सुधीर सर , एआरपी अरविंद सर, एआरपी विवेक मिश्रा सर , एआरपी शशिकांत सर, अमर सिंह अध्यक्ष, चाका एवं ब्लाक के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नहर से अज्ञात महिला की लाश किया बरामद

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के मलखानपुर में स्थित शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात महिला की सडी गली लाश पुलिस ने बरामद किया।शव की शिनाख्त नहीं हुई।बताया गया है कि लाश इतनी क्षत–विक्षत हो गई है की उसके उम्र का भी अंदाजा नहीं लगाया जा सका। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अच्छे मुखिया के चयन के लिए मतदान करना है आवश्यक : रमेश कुमार

## लोक जागरण मंच के बैनर तले विसहिजन कला के वृंदावन गेस्ट हाउस में आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** लोक जागरण मंच के बैनर तले मतदान हमारा अधिकार ही नहीं परम कर्तव्य है के तहत शनिवार को क्षेत्र के बिसहिजन कलां गांव स्थित वृंदावन गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से अपील की गई। जिसके मुख्य वक्ता काशी प्रांत के रमेश कुमार रहे।

संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। इस दौरान संबोधन में रमेश कुमार ने कहा कि इस महापर्व में हम सभी को बढ़-चढकर सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार है हम सभी को इस अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्र को विकास की ओर ले जाने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश को चलाने के लिए हमारे द्वारा चुने गए प्रतिनिधि होंगे जब हम मतदान करेंगे। श्री कुमार ने कहा कि भारतवर्ष की शक्ति जनता



में निहित है और जनता के पास पूरा अधिकार है। हम लोगों के मतदान के बाद प्रतिनिधि बनता है मतदान से दूर रहेंगे तो अच्छे प्रतिनिधियों का चयन कैसे होगा। अच्छे मुखिया के चयन के लिए मतदान करना जरूरी है। उन्होंने बगैर नाम लिए इशारों इशारों में र विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि देश तभी खुशहाल होगा जब हमारा मुखिया सही होगा। पुराने जो मुखिया हुआ करते थे उन्हें भारत की चिंता नहीं थी। आए दिन देश पर आतंकी हमला हुआ करते थे। रमेश कुमार ने यह भी कहा कि ऐसे तमाम मुद्दे हैं जो भारत को आगे ले जाने की ओर नहीं पीछे धकेलना की कोशिश में लगे थे। 140 करोड़ की जनता की चिंता सरकार के दम पर होता है। वह तब संभव है जब हम सही प्रतिनिधि का चयन करेंगे। आज भारत के पास जो मुखिया है वह देश के बारे में सोचता है इसलिए मतदान की कीमत समझिए और लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी दीजिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोबित बिहारी श्रीवास्तव ने कहा राष्ट्र को विकास की ओर ले जाने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में उपस्थित लोक जागरण मंच के संवाद प्रवर्तक एवं अपर शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने संगोष्ठी में पहुंचे प्रबुद्ध जनों का आभार प्रकट करते हुए पहले मतदान फिर जलपान की अपील किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता सोवित बिहारी श्रीवास्तव तथा संचालन सुरेन्द्र पांडेय ने किया इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के अलावा विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय सिद्धांत तिवारी मनीष तिवारी तथा क्षेत्र के कई अन्य संभ्रांत एवं प्रबुद्ध जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्र न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर में चयनित





**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के 08 छात्रों का नोएडा में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के 08 छात्रों का चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृत लाल प्रशिक्षण प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी कंपनी की तरफ से यशवीर कटारा एवं वरुण चौधरी की उपस्थिति राही।

# जिले के चतुर्दिक विकास में नहीं होगी कमीः डा0 एसपी पटेल

## इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में रानीगंज विधायक ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने शनिवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ जिले के विधानसभा सदर प्रतापगढ़ क्षेत्र के पल्टन बाजार, बालीपुर, विवेक नगर, पूर्वी सहोदरपुर, भंगवा चुंगी व अदमापुर, अंतू, गडवारा सहित आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर लोगों से मुलाकात कर स्नेह आशीर्वाद प्राप्त कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा।



बैठक में बोलते रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा।

इस दौरान इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाते हुए प्रतापगढ़ के चतुर्दिक विकास तथा जनता के मान सम्मान को सदैव प्राथमिकता देने की बात कही। जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी, अभिमन्यु सिंह, इंजीनियर जेबी सिंह, गौराडाड प्रधान, शिवकुमार सिंह, जलालपुर प्रधान स्वामी सिंह, गिरीश सिंह, संतराम मिश्रा, बृजभवन तिवारी, एडवोकेट चंद्रिका प्रसाद तिवारी, मुन्ना ककरहा, लव कुश सिंह चैहान, बलवंत सिंह चैहान, बीडीसी गणेश सिंह, छतरपुर पूर्व प्रधान रजवंत सिंह, त्रिभुवन तिवारी, जय सिंह यादव, नेता ललित मिश्रा, लाल साहब सिंह, लालशाह सिंह, श्रीराम वर्मा, श्रीराम रघुवीर, चेयरमैन, सलीम खान, शिवशंकर सरोज, राहुल पासी, आशु सिंह, निसार अहमद आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर विधानसभा रानीगंज विधायक डॉ आर. के. वर्मा ने विश्वनाथगंज विधानसभा के अंतर्गत ब्लॉक मान्धाता सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, अहमद अली (विधानसभा अध्यक्ष विश्वनाथगंज), सत्यनारायण यादव (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विश्वनाथगंज), सुरेश यादव, वंशी लाल यादव, संजय यादव, जे. पी. पटेल, मनीष यादव, उमेश यादव आदि मौजूद रहे।

वही दूसरी ओर जनसम्पर्क अभियान को गति देते हुए गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व एमएलसी व सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने शनिवार को जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के तरौल, गौरा, लेहरा, पुरे सुखदेव, बछुवा, गंभीरा, नंदा का पुरवा, मान्धाता बाज़ार सहित दर्जन भर गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चला कर गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने की अपील किया। इस मौके पर वीरू पासी, पंकज यादव, चंद्रशेखर पटेल, संदीप वर्मा, नीलम वर्मा, कामिनी पटेल, रंजना पटेल, उषा शुक्ला, हम्ज़ा खातून, प्रतीक सरोज, राहुल पाल, अभिषेक चैरसिया, शबनम बानो, सोनी वर्मा, सिमरन सिंह, मंजुला मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में गठबंधन प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा रानीगंज में कार्यकर्ताओं साथ जनसंपर्क कर डाक्टर एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगते हुए उन्हें भारी मतों से जिताने की अपील किया। इसी क्रम में सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने विधानसभा विश्वनाथगंज व सदर क्षेत्र के संडवा चान्द्रिका, अदमापुर, जुडापुर में लोगों से जनसंपर्क किया कर लोकसभा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के लिए जनसमर्थन माँगा। इस मौके पर जीतेन्द्र सिंह, अमृत लाल, ब्लाक अध्यक्ष उदय सरोज, सुनीता देवी, अंजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मर्यादा का पालन ही जीवन का अलंकरणः आशुतोष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के सौंना सरैंया में आयोजित हुई श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास आशुतोष महराज जी ने कहा कि मनुष्य को जीवन में धार्मिक और संस्कारिक मर्यादा का सदैव पालन करना चाहिए। उन्होनें कहा कि सुदामा चरित्र से हमें यह प्रेरणा मिला करती है कि मनुष्य को सभी के प्रति आदर और प्रेम की भावना रखनी चाहिए। उन्होनें कहा कि सुदामा ने सदैव बिना स्वार्थ के निर्मल मन से भगवान वासुदेव के प्रति अपनत्व रखा। भगवान ने भी सुदामा के मान सम्मान के साथ धन वैभव से भी संतृप्त किया। समापन दिवस पर हुए भजन संकीर्तन में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा की आयोजिका धनपति देवी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक शिक्षक नागेश तिवारी ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। महाप्रसाद वितरण में शिवम तिवारी, हरीश पाण्डेय, सतीश पाण्डेय व उत्कर्ष तिवारी का सराहनीय योगदान दिखा। इस मौके पर समाजसेवी पं. रमाशंकर शुक्ल, डॉ. नागेश मिश्र, श्यामशंकर शुक्ल, मुन्ना मिश्र, पुल्लू शुक्ला, रमाकान्त दुबे, महन्थ द्विवेदी, अजय कृष्ण तिवारी, देवेन्द्र तिवारी एवं अधिवक्ता अरूण कुमार तिवारी तथा दिनेश शुक्ल आदि रहे।

# मेडिकल कॉलेज में बच्चा बैंक के छात्रों का हुआ सम्मान

## प्रिंसिपल ने बैग और प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल के हाल में शनिवार को हाई स्कूल और इन्टर में प्रथम श्रेणी में पास हुए छात्रों का सम्मान हुआ। कालेज के प्रिंसिपल डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को बैग और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप असहाय और जरूतमंद छात्र छात्राओं की शिक्षा में निशुल्क मदद कर रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। आजकल अपने खुद के बच्चों को संभालना मुश्किल है। बच्चा बैंक पराए बच्चों को सहेज रहा हैं। यह अपने आप में किसी पूजा से कम नहीं हैं। वे ऐसे छात्रों की मदद करते रहेंगे। इसके बाद रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल की तरफ से अश्विनी केसरवानी ने छात्रों का सम्मान किया। कहा की छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें। सरस्वती शिशु मंदिर अजीत नगर के प्रबंधक संजीव आहूजा की तरफ से दहिलामऊ में छात्रों का सम्मान किया गया। उन्होंने पास हुए सभी छात्रों से आगे भी इसी तरह से पढ़ाई करते रहने के लिए उनका हौंसला बढ़ाया। संचालन टीचर शनि सरोज ने किया।



बच्चा बैंक के छात्रों को सम्मानित करते कालेज के प्राचार्य।

## सीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा बिंदुओं पर मशक्कत में प्रशासन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी उन्नींस मई को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को पुलिस एवं प्रशासन स्थल चयन को लेकर मशक्कत में दिखा। सीओ रामसूरत सोनकर तथा लालगंज प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित व लीलापुर प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह फोर्स के साथ दिन भर सुरक्षा बिंदुओं को लेकर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के स्थल चयन में पसीने से तर बतर दिखे। सीओ के साथ पुलिस टीम ने लालगंज कोतवाली के टेंढुई मोड़ तथा नया का पुरवा व लीलापुर के एक इण्टर कालेज में सभा स्थल का चयन करने में सुरक्षा मानकों का जायजा लेते दिखे। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि सीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सुरक्षा कारणों पर मंथन कर रहा है।

# विनोद सोनकर की हैट्रिक लगाने का काम करे कौशाम्बी वालेः केन्द्रीय मंत्री

## केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मानिकपुर में चुनावी सभा को किया सम्बोधित

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मानिकपुर नगर पंचायत मे अनुप्रिया पटेल ने चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने मौके पर जुटे लोगो से कहा की मोदी सरकार केंद्र मे हैट्रिक बनाने जा रही है तो कौशाम्बी लोकसभा के लोगो से अपील है की विनोद सोनकर को भी तीसरी बार विजयी बनाकर भेजे।



केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का स्वागत करते भाजपाई।

उन्होंने कहा की इस युग मे लोकतान्त्रिक व्यवस्था मे राजा किसी के पेट से नही बल्कि इवीएम मशीन से पैदा होते है। बताते चलें की अनुप्रिया पटेल का उनकी विरादरी मे एक अलग पहचान है और इस मीटिंग से पटेल विरादरी मे एक नया जोश देखने को मिल रहा है। विनोद सोनकर ने सभा स्थल पर आये हुए लोगों से कहा की आज प्रचार का अंतिम दिन है, आप सभी निर्णय करके जाइये कि मोदी जी जब शपथ लें तो आपका प्रतिनिधि आपकी अगुवाई करता नजर आये। मीटिंग मे क्षेत्र से हजारों लोग अपने नेता को सुनने सभा स्थल पर आये। खासकर पटेल समाज के लोग पुरी तरह से उत्साहित नजर आया। यहा ये बताना भी गौर तलब रहेगा की अनुप्रिया पटेल अपनी विरादरी की कद्दावर नेता और मोदी सरकार मे कैबिनेट मंत्री है। अब देखना ये है की उनके आने से पटेल समाज का ध्रुवीकरण भाजपा उम्मीदवार के पक्ष मे कितना हो पाता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल, राजकुमार पाल, केशव पासी, मनोज तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, पप्पन, प्रवीन सिंह, मानिकपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि डिंपू जायसवाल, ठाकुर प्रकाश सिंह, मौला महराज, डा सुमन साहू, उदय पांडे आदि मौजूद रहे।

# नागरिक शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का करें निर्माण

## बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चो ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज बाजार में स्थित बी एल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो विश्वनाथगंज बाजार में अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर शनिदेव मोड़ से लेकर मांधाता मोड़ होते हुए पुनः विद्यालय तक पैदल लाई गई।

इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। बच्चो ने पूरी ऊर्जा के साथ भारत माता की जय का जयघोष किया। डायरेक्टर राम जी लाल जायसवाल ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। वही डायरेक्टर श्याम जी लाल जायसवाल ने कहा कि देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 25 मई को अपना मतदान जरूर करें। प्रधानाचार्य मोहित पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र देश का सबसे उत्सव है और इसमें प्रत्येक नागरिक को अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदाता जागरूकता को लेकर रैली में अध्यापक संजीत दिवेदी, सार्थक, अनुभव, एमपी सिंह, अक्षय, रेशमा, सेजल, गुंजन, मुस्कान आदि लोग शामिल थे। जबकि प्रशासन से देलहुपुर थाना और शनिदेव चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह एवं उनकी पूरी टीम का बच्चो की इस रैली में उत्साहवर्धक और भरपूर सहयोग रहा।



## तमंचे की नोंक पर युवक से छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन युवक को तमंचे की नोंक पर आरोपियों ने मारपीट कर उससे छः हजार रूपये छीन लिये। पीड़ित युवक ने शुक्रवार को कोतवाली में पांच आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे वासी हरनाहर निवासी पदमकांत के पुत्र अनुपम उपाध्याय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गुरूवार को उसे जलेशरगंज बाजार में एक आरोपी ने फोन कर बुलवाया। वहां पहले से मौजूद चार अन्य आरोपियों मे से एक ने उस पर तमंचा सटा दिया। इस बीच उसकी बाइक पर दो आरोपी बैठ गये और उसे जबरिया सांई कुटी धारूपुर ले आये। यहां बैंक आफ बडौदा शाखा के पीछे एक विद्यालय मे ले गये। आरोप है कि वहां युवक को आरोपियों ने मारापीटा और उसका वीडियो बना लिया। आरोपियों मे से एक ने उसकी जेब से छः हजार रूपये छीन लिये। आरोपियों ने पीडित को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बहन मायावती की जनसभा से उड़ी विपक्षियों की नींदः प्रथमेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से बसपा के उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी ने शनिवार को सदर, संडवा समेत कई क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से आशीर्वाद मांगा। कई कथा, श्राद्ध व अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। प्रथमेश ने कहा कि बसपा के साथ सर्वसमाज की हुंकार है। इससे भाजपा व सपा के उम्मीदवारों में घबराहट है। बहन कुमारी मायावती की सफल जनसभा के बाद विपक्ष और बेचैन व निराश हो गया है, क्योंकि हमारे साथ सर्वसमाज है। बसपा की सरकार में जो कार्य हुए थे, वह धरातल पर थे। हम लोग जुमलेबाजी नहीं करते। प्रतापगढ़ की बदहाल जनता ने परिवर्तन की खातिर तैयारी कर ली है। इधर प्रथमेश की मां सिंधुजा मिश्रा सेनानी ने सगरा क्षेत्र में लोगों से मिलकर बेटे को वोटों की ताकत देने की अपील की। पत्नी प्रीती मिश्रा ने भी कई जगह जनसमर्थन मांगा। कहा कि प्रथमेश मिश्र को सेवा का मौका दीजिए, आपको अपने फैसले पर पछताना नहीं पड़ेगा। यह वादा है कि प्रतापगढ़ में विकास नजर आने लगेगा।



लोगों को मुलाकात करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र।

## पहले मतदान फिर जलपान, तभी बनेगा देश महान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इंटरमीडिएट कॉलेज आलापुर, कालाकांकर, प्रतापगढ़ में शनिवार को स्कूली बच्चो ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसमे विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि मतदान को एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए। 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि यह हम सभी का नैतिक कर्त्तव्य है। विद्यालय के बच्चे विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता स्लोगन अपने हाथों में लेकर क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरुक कर रहे थे। रैली में बच्चों के साथ अभिभावक, शिक्षक भी सम्मलित रहे।

# महिला प्रमुख सारिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिलाओं की टोली ने किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा की महिलाए इन दिनों कड़ाके की धूप में महिला मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित कर रही हैं। इसके अलावा उन्हें मताधिकार के अधिकार के लिये भी जागरुक करने में लगी हुई हैं। भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी एवं लोकसभा चुनाव में सदर क्षेत्र की महिला प्रमुख की जिम्मेदारी संभालने वाली सारिका श्रीवास्तव इन दिनों अपनी टीम के साथ शहर से लेकर गांव तक महिला मतदाताओं को जागरुक कर रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने गौरा ब्लाक के सुवंसा क्षेत्र में महिलाओं की टोली लेकर पहुंची थीं जहां गीतों के माध्यम से मतदान करने की अपील की गई। महिला प्रमुख सारिका के साथ रश्मि राय, सुष्मिता, अंजू शुक्ला, नीतू सिंह, आशा मौर्या ने महिलाओं को जागरुक करने में मदद की और उन्हें एहसास दिलाया कि मतदान करना उनका मौलिक अधिकार है।



महिलाओं को मतदान के लिये जागरुक करती महिला प्रमुख।

# दो बच्चों की मां को युवक से हुआ प्यार, मामला पहुंचा थाने

## दोनों पक्षों के बीच घंटों तक चली थाने में पंचायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता को गैर समुदाय के युवक से प्यार हो गया। आरोप है कि प्रेमी घर आ पहुंचा और उसे अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ गया। विवाहिता ने साथ जाने से इनकार कर दिया तो प्रेमी ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा लेने का प्रयास किया लोगों के बीच बचाव पर किसी तरह उसकी जान बची।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के परसपुर गांव की रहने वाली एक महिला को गैर समुदाय के युवक से प्यार हो गया। प्रेमिका के घर प्रेमी शनिवार की सुबह उसके घर आ पहुंचा और उसे अपने साथ चलने की जिद पर अड़ गया। मना करने पर प्रेमी ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा कर आत्महत्या करने का भी प्रयास किया। लोगों के बीच बचाव से उसकी जान बची। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी प्रेमी को हिरासत में लेकर थाने आई जहां पर दोनों पक्षों के लोग थाने पर पहुंचे और घंटों तक थाने पर पंचायत चलती रही। देर शाम पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता करा कर आरोपियों का शांति भंग में चालान किया है। वहीं गैर समुदाय के युवक से प्रेम प्रसंग को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म नजर आ रहा है।

## प्रेमी ने आग लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास

## बैनामा न करने पर बहू ने ससुर को लाठी डंडों से पीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन का बैनामा न करने पर बहू ने ससुर को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया लोगों के बीच बचाव से किसी तरह उसकी जान बची। पीड़ित ससुर ने बहू के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली इलाके के विरौती गांव के रहने वाले राम आसरे ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी बहू शनिवार की सुबह जमीन का बैनामा करने के लिए बोल रही थी। मना करने पर ससुर को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।जानकारी के अनुसार पीड़ित का पुत्र रोजी-रोटी के लिए गुजरात शहर में रहता है। पीड़ित की हल्ला गुहार सुनकर आसपास पड़ोस के लोगों के आ जाने से किसी तरह जान बची।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम हस्ताक्षर अभियान में होगी तेजी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा को लेकर शुक्रवार को यहां रूरल बार एसोशिएसन तहसील इकाई की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर आगामी दस जून तक तहसील एवं जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रपति को संबोधित हस्ताक्षर अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होनें कहा कि दस जून के बाद प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान को पूर्ण कराकर इसे जुलाई माह में नई दिल्ली में एसोशिएसन का प्रतिनिधिमण्डल राष्ट्रपति को सौपेगा। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र व संचालन तहसील इकाई अध्यक्ष सुमित त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, रामकिंकर शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव, पारसनाथ सरोज, मो. ईसा, प्रभाकर पाल, अमरनाथ यादव, शैलेन्द्र शुक्ल, संतोष सिंह, लालता प्रसाद पाण्डेय, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

# बाइक सवार महिला को अनियंत्रित डंफर ने कुचला, हुई दर्दनाक मौत

**दुर्घटना करने वाले वाहन को सिराथू चौकी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है ड्राइवर फरार बताया जा रहा है, हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र आंशिक रूप से घायल**

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के देवी गंज सैनी मार्ग पर चक सैनी गांव के पास अनियंत्रित डंफर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दिया जिससे तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई वहीं बाइक चालक और साथ में रहा छोटा बच्चा घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई है मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी जैसे ही महिला के घर परिवार को मिली रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक प्रेमा देवी उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी छेदू निवासी रामसहाय पुर सिराथू अपने बिटिया के गांव इस्माइलपुर कड़ा धाम गई थी रिश्ते के दामाद दिनेश पुत्र गोवर्धन निवासी कोराईं के साथ आज शनिवार को महिला बाइक से वापस घर जा रही थी चक सैनी गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया टक्कर से वृद्ध महिला डंफर के नीचे आ गई जिससे महिला की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई और रिश्ते का दामाद दिनेश और दिनेश का पुत्र सुमित यादव आंशिक रूप से घायल हो गए घटना देख कर मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना सैनी कोतवाली पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में जुट गई दुर्घटना के बाद कुछ दूर पर वाहन खड़ा करके चालक भाग गया है दुर्घटना करने वाले वाहन को सिराथू चौकी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है ड्राइवर फरार बताया जा रहा है।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन करने पर एसएसटी टीम ने कोखराज थाना में मामला दर्ज कराया है। एसएसटी टीम 5 प्रभारी मोहम्मद आदिल ने कोखराज थाना में बताया कि नियामतपुर में बिजली के खंभे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव निशान का झंडा लगाया गया था जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा था इसलिए कोखराज थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज करने के बाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले अज्ञात व्यक्ति के शिनाख्त और तलाश में कोखराज पुलिस जुट गई है।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहनों का ई-चालान किया गया एवं 02 वाहनों को सीज किया गया।

## कानपुर सूबेदारगंज पैसेंजर से टकराया युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**घायल युवक की नहीं हुई शिनाख्त**



**अझुवा कौशांबी।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर अथसराय सिराथू के किमी नंबर 887/1618 के बीच बीती शाम लगभग 7 बजे कानपुर सूबेदार गंज पैसेंजर से एक अज्ञात युवक उम्र लगभग 22 वर्ष टकरा गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ट्रेन चालक ने ट्रेन को रोक लिया और रेल यात्रियों और रेल गार्ड अभिषेक शुक्ला द्वारा घायल युवक को ट्रेन से सिराथू रेलवे स्टेशन लाया गया स्टेशन मास्टर सिराथू की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात सीटी सुजीत दुबे सीटी अमित कुशवाहा द्वारा घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से जिला अस्पताल मंझनपुर पहुंचाया गया आवश्यक उपचार के उपरांत डॉक्टरों ने गंभीर युवक को स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया जहां युवक का एमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा गंभीर घायल युवक अपना नाम पता और मोबाइल नंबर नहीं पता पा रहा है खबर लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला की मौत



**महेवाघाट कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के जमदुवा गांव में शनिवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे पंखे में करंट उतरने से विधवा श्याम काली उम्र 45 वर्ष पत्नी स्वर्गीय हरिमोहन करंट की चपेट में आ गई है जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई मृतक महिला के तीन बच्चे हैं महिला के पति की लगभग 3 साल पहले बीमारी के कारण मौत हो गई थी मजदूरी करके महिला अपने तीनो बच्चो का भरण पोषण करती थी महिला की मौत के बाद उसके तीनों बच्चे अनाथ हो गए हैं जिनका रो रो कर हाल बेहाल है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है घर परिवार में कोहराम मचा है।

### हिरमिंजी की फसल चराकर नुकसान करने वाला अभियुक्त अर्थदण्ड से दण्डित

**कौशांबी।** कोखराज थाना में पंजीकृत मु0अ0सं0 138/95 धारा 427/352 भादवि व 3 (1) 10 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त इसराइल पुत्र पुट्टन उर्फ जियाउलहक नि० बरीपुर थाना कोखराज को न्यायालय स्पे० जज एससी/एसटी एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 2,000/- रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 02 माह के साधारण कारावास की सजा सुनायी गयी।

## ड्यूटी पर जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत पति घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में मचा कोहराम आंगनबाड़ी संघ की महिलाओं ने जताया दुख**




**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हाईवे नियामतपुर के पास स्कूटी सवार दंपत्ति को ईट लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दिया, जिससे स्कूटी सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े हैं टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार महिला की मौके पर ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हादसे में पति घायल हो गया है हदसा देख कर मौके पर लोगों की भीड़ इक्कठा हो गयी लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल पति को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया हादसे में मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ महिला ड्यूटी पर जा रही थी महिला की लोकसभा चुनाव ड्यूटी लगी थी कि नहीं लगी थी इस बारे में जानकारी नहीं हो सकी हादसे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत के बाद आंगनबाड़ी संघ की महिलाओं ने दुख जताया हैजानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी नई बाजार की रहने वाली उषा मिश्रा उम्र 50 वर्ष पत्नी ज्ञान प्रकाश मिश्रा आंगनवाड़ी कार्यकत्री है मौजूदा समय में उषा मिश्रा की तैनाती इचौली गांव में है शनिवार को उषा मिश्रा अपने पति ज्ञान प्रकाश मिश्रा के साथ स्कूटी से हाईवे से नियामतपुर होते हुए इचौली गांव डियूटी पर जा रही थी, जैसे ही स्कूटी सवार दंपत्ति कोखराज थाना क्षेत्र के नियामतपुर के पास पहुंचे इसी दौरान मंझनपुर की ओर से ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली ने अनियंत्रित होकर स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही उषा मिश्रा स्कूटी से सड़क पर जा गिरी और अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली के पाहिया के नीचे दब गई, जबकि पति दूर गिर पडे, उषा मिश्रा की ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ जाने से मौके पर ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई हादसे में महिला के पति घायल हो गए हैं स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना थाना कोखराज पुलिस को दी, मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी, वहीं घायल पति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर एंबुलेंस के जरिए भेजा गया दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### आखिर कब तक मौत का कारण बनेंगे अवैध ट्रैक्टर ट्रॉली!

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नियामतपुर के पास स्कूटी सवार दंपति को जिस ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मारा है वह ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से सड़क पर दौड़ रही है ट्राली के पास परिवहन विभाग का रजिस्ट्रेशन नहीं है लेकिन फिर भी ट्राली लगा कर ट्रैक्टर से ईटा बालू गिट्टी का परिवहन बेखौफ किया जा रहा है ट्रैक्टर ट्राली से दुर्घटना के बाद एक बार फिर पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं आखिर जिस ट्रैक्टर की ट्राली का रजिस्ट्रेशन नहीं है सरकार ने उसे रोड पर चलने की अनुमति नहीं दी है वह कैसे ईट बालू गिट्टी के परिवहन में लगे हैं कैसे सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली दौड़ रहे हैं यातायात व्यवस्था पुलिस व्यवस्था और परिवहन व्यवस्था पर दुर्घटना के बाद फिर सवाल खड़े हो गए हैं आखिर अवैध ट्रैक्टर ट्रॉली का संचालन कब तक विभाग की देखरेख में होता रहेगा कब तक लोग मौत के मुंह में जाते रहेंगे समय रहते अवैध ट्रैक्टर ट्राली के परिवहन से रोक दिया गया होता तो ड्यूटी पर जा रही महिला और उसका पति हादसे का शिकार ना होता वाहनों की रोज चेकिंग थाना पुलिस करती है लेकिन अवैध ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन पर कार्यवाही पुलिस और यातायात पुलिस नहीं कर रही है।

# असदुद्दीन ओवैसी ने कहा झूठ बोलने वाले पीएम हैं नरेंद्र मोदी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी पहुंचे एआईएमआईएम प्रमुख असुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी पर जमकर बोला हमला**




**कौशाम्बी।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि झूठ बोलने वाले पीएम नरेंद्र मोदी हैं।पीडीएम प्रत्याशी के समर्थन में कौशांबी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। भाजपा और सपा पर मुसलमानों पर बात नहीं करने और उनका इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। वहीं अपना दल कमेरावादी पार्टी की विधायिका पल्लवी पटेल ने भाजपा और इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि संविधान बचाने के नाम पर मुसलमानों का वोट मांगने वाले कभी मुसलमानों के हित की बात नहीं करते हैं। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी पिछड़ा दलित मुस्लिम न्याय मोर्चा पीडीएम की रैली में शिरकत करने शुक्रवार की शाम कौशाम्बी के करारी पहुंचे। उन्होंने पीएम मोदी को झूठ बोलने वाला प्रधानमंत्री बताया है। इजराइल के गाजा में हमले का मुद्दा उठाकर उन्होंने कहा कि इजराइल को गाजा में हमला करने के लिए असलहा चेन्नई के रास्ते जहाज में भरकर भेजा गया है।हैदराबाद की कैबेट कंपनी में बने ड्रोन इजराइल को जा रहे हैं। लेकिन देश के पीएम जनता से कहते रहे कि उन्होंने इजराइल को कहा कि रमजान में बमबारी मत करो। अगर आप इतने ताकतवर हो तो उसने आपकी बात क्यों नहीं मानी असदुद्दीन ओवैसी मोदी पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किए। उन्होंने कहा कि मोदी कहते हैं बेंजामिन नेतन्याहू तो अपना दोस्त है, उससे मिलते ही तो उसे गले से लपेट लेते हैं। फिलिस्तीन के हालत का जिक्र कर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा वहां 16 हजार बच्चे मारे गए। 15 हजार महिलाए मारी गई, 12 लाख अवाम बेघर हो चुकी है, 20 हजार से अधिक बिल्डिंग बर्बाद हो गई फिर भी भारत के प्रधानमंत्री झूठ बोलकर कहते हैं कि मैंने इजराइल को बमबारी के लिए माना किया था। मुसलमान का नाम लेकर खुद के घेरने का आरोप लगाकर कहा, मोदी जी आपको कोई नहीं घेर लेता। आप घेरने का काम करते हैं। मगर अब मुसलमान की तरफ इशारा कर हम आपका घेरा तोड़ कर बाहर निकलेंगे।यूनिफार्म सिविल कोड पर सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पीएम टीवी पर इंटरव्यू में छोटे बच्चों को बैठाकर कुछ भी समझा सकते हैं, लेकिन असदुद्दीन ओवैसी जानता है कि आप क्या करना चाहते हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात पीएम मोदी करते है और उत्तर प्रदेश में धर्म परिवर्तन का कानून लेकर आते हैं। लव जेहाद का कानून बनाते हैं। बताओ वो और यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून एक जगह कैसे जमा हो सकते हैं। उत्तराखंड के यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून का हवाला देकर कहा कि वह कहता है, मुसलमान अपनी शादी निकाह से नहीं करेगा, गवाह नहीं होंगे, दुल्हन को मेहर नहीं मिलेगा। उसके शादी होगी तो स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत होगी। आप यूनिफॉर्म सिविल कोड की मिसाल देते हैं। आपने 1400 करोड़ रुपए के लोगों को दिया का अनुदान उन तमाम समाज के लो जो मुसलमान और ईसाई नहीं है आप क्यों नहीं हमको देते।चीन पर मोदी और बीजेपी कुछ नहीं बोलते बीजेपी के 400 पार के नारे पर कहा कि भाजपा वाले कहते है कि पीओके ले लेंगे। जब उनसे पूछों कि चीन का क्या करोगे। चीन भारत की 2 हजार वर्गमीटर जमीन पर कब्जा करके बैठा है तो पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोग सन्नाटे में आ जाते हैं। पीएम कहते हैं कि उन्होंने जिंदगी में कभी हिन्दू और मुस्लिम नहीं किया। असदुद्दीन ओवैसी ने माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी के सवाल पर कहा कि वो तो इस दुनिया में नहीं रहे। एक तो पुलिस कस्टडी हथकड़ी में थे। वहां आकार उनका कत्ल.. शहीद कर दिया। दूसरा जेल में था उनके परिवार ने कहा जहर दे दिए। अब वो तो नहीं रहे अब बताइए जो दूसरी पार्टियों में हैं वो क्या हैं उन पर बड़े मुकदमे हैं उन पर कोई बात हीं नहीं करता।असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा करारी कस्बे के छपरा मैदान में दोपहर 2 बजे होनी थी। ओवैसी जनसभा स्थल पर 7.45 पर पहुंचे। प्रशासनिक पाबंदियों के चलते ओवैसी 20 मिनट ही बोल सके। उन्होंने इस दौरान ढब्द्ध उम्मीदवार नरेंद्र सरोज के लिए वोट की अपील की। अंत में खटाखट-खटाखट वाले ट्रेंड हो रहे, शब्द को बोलकर कहा कि आप केवल खटाखट ईवीएम मशीन पर वोट दीजिए।

## न्यूज झरोखा

### पांचवें चरण का चुनाव प्रचार थमा

**अखंड भारत संदेश।**

**कौशाम्बी।** देश के महा पंचायत का आधे से ज्यादा चुनाव की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है जहां पर चुनाव प्रक्रिया खत्म हो गई है वहा के वोटिंग मशीन को जिला अधिकारियों की देखरेख में सौंप दी गई है इसी बीच देश के महा पंचायत के पांचवें चरण के चुनाव प्रचार शनिवार को शाम छह बजे समाप्त हो गया। सभी दल के प्रत्याशी अपने अपने गंतव्य को रवाना हो गए। वहीं पुलिस प्रशासन ने अगामी 20 मई को चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से कमर कस ली। जिले में कहीं भी किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन जगह जगह पर फ्लैग मार्च कर रही है।

### 20 मई को परिवार न्यायालय कार्यालय रहेंगा बन्द

**कौशाम्बी।** प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कौशाम्बी प्रफुल्ल कमल ने माननीय उच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुपालन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए दिनांक 20 मई 2024 सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया हैं। 20 मई 2024 को परिवार न्यायालय कौशाम्बी का न्यायालय कार्यालय बन्द रहेंगा।

### दलित बालिका से छेड़खानी के मामले में कई दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश।**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में एक दलित बालिका से अश्लील हरकत और छेड़खानी के मामले में कई दिन बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है जबकि मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से डीजीपी कार्यालय में हुई और डीजीपी कार्यालय ने कार्यवाही करने का निर्देश दिया है कार्रवाई न होने से छेड़छाड़ करने वाले के हौसले बुलंद है और वह लगातार धमकी दे रहा है जिससे बालिका और उसका परिवार दहशत में है संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित बालिका अपनी मां के साथ चरवा थाना क्षेत्र के थमसेड़ा गांव में रहने लगी है इसी गांव में बालिका की रिश्तेदारी है दलित बालिका के साथ उसका मामा आए दिन अश्लील हरकत छेड़छाड़ करता है मना करने के बाद भी वह मान नहीं रहा है आए दिन की हरकत से दलित बालिका और उसके परिवार के लोग परेशान है मामा की हरकत पर परिवार के लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन समझने की बजाए वह गाली गलौज और अभद्रता पर उतर आया है पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहा है जिससे बालिका का पूरा परिवार परेशान है घटना के बाद बालिका ने मामले की सूचना चरवा थाना पुलिस को दी है लेकिन मामा के प्रभाव के चलते कई दिन बाद भी आरोपी पर कार्यवाही नहीं हो सकी है थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने के बाद बालिका ने मामले की सूचना ट्विटर एक्स के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को दी है जिस पर डीजीपी कार्यालय ने ट्विटर एक्स पर थाना पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है लेकिन डीजीपी कार्यालय द्वारा मामले में कार्रवाई का निर्देश दिए जाने के बाद भी अश्लील हरकत छेड़छाड़ के इस मामले में थाना पुलिस ने कार्यवाही नहीं की है एक तरफ मोदी योगी सरकार बालिकाओं की सुरक्षा की बात कर रही है लेकिन सुरक्षा तो छोड़िए उन्हें कानून से न्याय नहीं मिल रहा है।

## मां बेटी को दबंगों ने बेरहमी से पीटा

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के इछना गांव के मजरा बराई में शनिवार को दस बजे दिन में दुकान जा रही एक दलित बालिका का गांव का एक युवक हाथ पकड़ कर घसीटने लगा जिसका बालिका ने विरोध किया हो हल्ला सुनकर बालिका की मां भी मौके पर पहुंच गई और बालिका के साथ हरकत कर रहे लोगों को हड़काया उसके बाद बालिका अपने मां के साथ घर चली गयी कुछ देर बाद दिनेश बुधाई सुरेश आदि आधा दर्जन दबंग डंडे लेकर बालिका के घर पर घुस आए और गाली गलौज देते हुए मां बेटी को दबंगो ने लात घूसा से बेरहमी से मारने पीटने लगे दबंगो ने बाल पकड़कर महिलाओं को जमीन पर पटक दिया और लात घूसों से दोनों को बेरहमी से पीटा है आरोप है कि दबंगो ने बालिका को जमीन पर पटकने के बाद उसका ब्लाउज भी फाड़ दिया है मारपीट के दौरान मां बेटी को गम्भीर चोट लगी है मारपीट के दौरान बालिका की मां बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी है जिसके बाद धमकी देते हुए दबंग घटनास्थल से चले गए हैं स्थिति गंभीर देखकर मां बेटी दोनों को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है जहां मां की हालत गंभीर बनी हुई है मामले की सूचना सराय अकिल थाना पुलिस को दी गई है सूचना पाने के बाद आरोपियों को पुलिस पकड़ कर थाने लाई लेकिन उसके बाद आरोपियों को पुलिस ने थाने से छोड़ दिया है बलराम सिंह दरोगा और दिनेश कुमार शर्मा पर मामले में आरोपियों को बल देकर उनका पक्ष लेने का लोगों ने आरोप लगाया है जिससे पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद नहीं लग रही है हमले के बाद थाने पहुंचे पीड़ित परिवार को पुलिस फटकार कर थाने से भगा दिया है जबकि घटना की पुष्टि गांव के लोग कर रहे हैं समाचार लिखे जाने तक मामले में आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पिपरी पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। उ०नि० अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर नन्दलाल निषाद पुत्र स्व० दशरथ लाल निषाद नि० पठन पुरवा को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिए। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### अपना दल एस भाजपा गठबंधन की जनसभा संपन्न

**कौशांबी** जिला के सिराथू तहसील के अंतर्गत कल्यानपुर में लोकसभा प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनसभा को मंच से संबोधित करते हुए पटेल समाज के लोगों को एकत्रित कर प्रत्याशी विनोद सोनकर को तीसरी बार सांसद बनने को कहा।

## विधवा बहन के घर की दिवाल तोड़कर लाखों का सामान उठा ले गया नगर पंचायत का एक दलाल

**थाना पुलिस से न्याय ना मिलने पर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर विधवा महिला ने लगाई न्याय की गुहार**

**तहसीलदार द्वारा महिला का मकान प्रमाणित करने के बाद भी न्याय के लिए अधिकारियों का चक्कर लगा रही है विधवा महिला**

कौशाम्बी।संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विधवा महिला सोनिया देवी पति के मौत के बाद अपनी बेटी के घर कानपुर चली गई थी विधवा सोनिया देवी का एक घर चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में है कानपुर चले जाने के बाद सोनिया देवी के धमसेड़ा गांव वाले घर में ताला बंद था इस घर को सोनिया देवी ने गांव के लोगों से खरीदा था बंद ताला देखकर सोनिया देवी के भाई बरमदीन की नियत खराब हो गई और उसने मकान की दीवाल तोड़कर घर के अंदर रखा गृहस्थी का लाखो का सामान बर्तन कपड़ा चांदी के जेवर वा अन्य सामान को उठा ले गया है बताया जाता है कि सोनिया का भाई नगर पंचायत का दलाल है सामान ले जाने के बाद सोनिया के मकान के एक हिस्से को ध्वस्त करके मकान के एक हिस्से पर उसने कब्जा कर लिया है मकान कब्जा करने की साजिश में बरम दीन ने अपने बेटे और पुत्रवधू को शामिल किया है विधवा सोनिया देवी के घर को अपना घर बताते हुए बरमदीन ने अपनी बहू गोमती देवी के नाम रजिस्ट्री कर दिया है अब सवाल उठता है कि जब यह मकान बरमदीन का नहीं था तो उसे मकान बिक्री करने का कहां से अधिकार मिला है बरमदीन के हेरा फेरी फ्रॉड में उसकी बहू गोमती देवी भी शामिल है जब सोनिया देवी ने भाई बरम दीन से मामले की शिकायत की तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है बहन के घर में लूटपाट करने वाले भाई के नाम अभी तक मुकदमा दर्ज करके उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई है मामले की सूचना विधवा महिला ने कई दिनों पूर्व थाना पुलिस को दिया है लेकिन कई दिन बाद भी आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जांच के दौरान तहसीलदार चायल ने भी विधवा सोनिया देवी के मकान होने की पुष्टि कर रिपोर्ट सौप दी है अधिकारियों द्वारा जांच के बाद महिला का मकान प्रमाणित करने के बाद भी न्याय के लिए अधिकारियों का चक्कर विधवा महिला लगा रही है जिससे जिले की चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है घर में लूटपाट और कब्जा किए जाने के बाद ब्याय न मिलने से विधवा महिला परेशान है 17 मई को महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और शिकायती पत्र दे कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की है।

## संपादक की कलम से

# राहुल रायबरेली के हुए ! सोनिया गांधी ने बेटा सौंप दिया !

बीस मई को होने जा रहे पाँचवे चरण के मतदान के पहले एक छोटा सा सवाल मन में उठ रहा था ! सवाल थोड़ा इमोशनल किस्म का था ! सवाल यह था कि राहुल गांधी जब रायबरेली से भी चुनाव जीत जाएँगे, सुदूर केरल में स्थित वायनाड के उन लाखों मलयाली मतदाताओं को किस तरह के खयाल आएँगे जिन्होंने अमेठी के मतदाताओं द्वारा 2019 में नकार दिए गए कांग्रेस के युवा नेता को अपने दिलों में जगह दी थी ? राहुल गांधी द्वारा तीन मई को रायबरेली में नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही वायनाड दो धड़ों में विभाजित हो गया था कि राहुल को कौन सी सीट रखना और कौन सी छोड़ देना चाहिए ? कई लोगों का कहना था उन्हें वायनाड सीट रखना चाहिये जबकि काफी नागरिक ऐसे भी थे जिन्हें रायबरेली को लेकर भी कोई एतराज नहीं था। ऐसी ही कोई बहस रायबरेली में भी चली होगी कि 1952 से ह्यगांधी परिवारह्ण की आत्मा में बसी फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की सीट को राहुल अपने नाम पर कायम रखेंगे कि नहीं ?

हकीकत में तो राहुल गांधी के लिए अब सिद्ध करने के लिए ऐसा कुछ बचा ही नहीं था कि 2019 के बाद 2024 में भी उन्हें दो सीटों से चुनाव लड़ना पड़े ! उनकी दो अद्भुत भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान देश की जनता ने सड़कों पर जो मोहब्बत बाँटी, सुख-दुख की जो कहानियाँ उनके साथ साझा कीं उसके बाद तो कांग्रेस के इस नेता को कोई चुनावी करिश्मा दिखाने की जरूरत ही नहीं थी !

दोनों यात्राओं और उसके कारण कायम हुई विपक्षी एकता ने देश के समूचे राजनीतिक परिदृश्य को आने वाले कई सालों के लिए बदल कर रख दिया है। यात्राओं के दौरान सड़कों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर तैयार किए गए घोषणापत्र को विकास का नया संविधान माना गया है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम भी अब उसी जनता ने अपने कंधों पर ले लिया है जिसने बिना किसी खौफ के राहुल का साथ दिया।

राहुल गांधी ने एक काम जरूर ठीक किया कि अमेठी से लड़ना तय नहीं किया। राहुल के अमेठी से लड़ने की इतनी ज्यादा चर्चा हो चुकी थी कि नब्बे के दशक से वहाँ काम कर रहे किशोरी लाल शर्मा को भी अब लगने लगा होगा कि वे भी राहुल गांधी ही हैं। कहा नहीं जा सकता कि स्मृति ईरानी असली राहुल के स्थान पर उनके चुनावी ह्यप्रतिरूपह्ण से भी उतना ही खौफ खा रही हैं या नहीं ! शायद इसीलिए प्रियंका गांधी ने अपनी पूरी ताकत अमेठी में झोंककर चुनाव को प्रतिष्ठा के युद्ध में बदल दिया।

यह केवल ऊपरी बात है कि अमेठी में लड़ाई राजनीति और टेलीविजन की नेत्री-अभिनेत्री और गांधी परिवार के एक सहयोगी-कार्यकर्ता के बीच है। हकीकत में अमेठी में प्रधानमंत्री मोदी, यूपी की पूरी हुकूमत और भाजपा की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है। अमेठी के परिणामों की कहानियाँ दशकों तक गिनाई जाने वाली हैं। यह भी कहा जा सकता है कि 2019 की पराजय का बदला लेने के लिए राहुल के पास बस यही ह्यगांधी मार्गह्ण बचा था कि अपने स्थान पर किसी अज्ञात उम्मीदवार की उपस्थिति का एंटी-क्लायमेक्स पैदा कर दें। स्मृति ईरानी भी यही जानते हुए चुनाव लड़ रही होंगी कि राहुल गांधी उन्हें भाजपा की भीड़ से अलग हारता हुआ देखना चाहते हैं।

शुक्रवार (17 मई ) को जब सोनिया गांधी उस रायबरेली की चुनावी सभा में भाषण दे रहीं थीं, जिसका उन्होंने बीस वर्षों तक संसद में प्रतिनिधित्व किया, राहुल और प्रियंका उनके नजदीक खड़े भावुक हो रहे थे। रायबरेली के जीवन का यह बहुत ही अद्भुत क्षण था। अब तक के चार चरणों में सोनिया गांधी का यह पहला चुनावी संबोधन था। सभा में व्यक्त किए गए सोनिया गांधी के शब्दों से इस सवाल का जवाब भी मिल गया कि संसद में राहुल किस चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं- वायनाड या रायबरेली का ?

सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता से कहा : " मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूँ। जैसा आपने मुझे माना वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना। वो आपको निराश नहीं करेगा।" मान लिया जाना चाहिए कि सोनिया गांधी का रायबरेली में कहा गया शब्द वायनाड के साथ-साथ दिल्ली के कानों तक भी पहुँच गया होगा।

# हर दिल में संविधान की पहल

**– बाबा मायाराम**

कबीर मंडलियां हर महीने की 2 तारीख को कबीर के भजन गाती थीं। इसके साथ उन भजनों से जुड़े संदेशों पर बात करती थीं। कबीर ने जो पाखंडवाद और जातिवाद पर करारा प्रहार किया है, उस पर चर्चा करती थीं। कबीर भजन एवं विचार मंच नामक समूह के तहत यह कार्यक्रम होते थे। कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम एकलव्य से अलग स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में जारी है।

इन दिनों देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें संविधान भी एक मुद्दा है। इस पर चर्चा हो रही है। लेकिन इसके साथ संविधान के मूल्य भी हैं, जो भारतीय इतिहास का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से उनका क्या नाता है? इसे समझना और उन पर अमल करना क्यों जरूरी है? आज के स्तंभ में मैं ऐसी ही पहल के बारे में बताने जा रहा हूं, जो इ? मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चल रही है।

नब्बे की दशक की बात है। उन दिनों मैं इन्दौर में 'नईदुनिया' में कार्यरत था और देवास में एकलव्य संस्था के कार्यक्रमों में आता जाता रहता था। एकलव्य संस्था शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। इस संस्था ने साक्षरता कार्यक्रम को गति देने के लिए मालवा की कबीर मंडलियों को जोड़ा था।

ऐसी कबीर मंडलियां हर महीने की 2 तारीख को कबीर के भजन गाती थीं। इसके साथ उन भजनों से जुड़े संदेशों पर बात करती थीं। कबीर ने जो पाखंडवाद और जातिवाद पर करारा प्रहार किया है, उस पर चर्चा करती थीं। कबीर भजन एवं विचार मंच नामक समूह के तहत यह कार्यक्रम होते थे। कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम एकलव्य से अलग स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में जारी है।

मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में मालवा अंचल है। मालवा की एक पुरानी कहावत है–
मालव धरती गहन गंभीर,
डग डग रोटी पग पग नीर।

यह कहावत यहां की उपजाऊ भूमि, जिसमें अच्छी उपज होती है, यहां की समृद्धता को दशार्ती है और पानी की बहुलता को भी बताती है।

यहां की बोली मालवी है। यहां के ज्यादातर लोग खेती करते हैं। जो भूमिहीन या कम जमीन वाले हैं, वे खेतों में मजदूरी करते हैं। यहां के मालवी गेहूं बहुत प्रसिद्ध थे। कम पानी या बिना पानी के यह गेहूं होते थे। मालवा के दाल-बाफला भी बहुत प्रसिद्ध हैं। यहां कबीर की परंपरा बहुत पहले से है।

माल्वा में कबीर पंथ के अनुयायी काफी बड़ी संख्या में हैं, जिनमें दलित भी हैं। कबीर ने इंसानियत का संदेश दिया है, जिससे स्वतः ही लोग जुड़ाव महसूस करते हैं। कबीर ने लोकभाषा में दैनिक जीवन के अनुभवों को अपने गीतों, दोहों व दर्शन में स्थान दिया है। इसलिए कबीर को मानने वालों में परंपराओं के व्यवहार में हैं, जो मालवा में भी देखा जा सकता है।

इस अंचल की एक और संस्था कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार में जुटी है। इस संस्था का नाम कबीर जन विकास समूह है। इससे जुड़े सुरेश पटेल बताते हैं कि हमारी लोक संस्कृति में पहले से ही एकता, समता, प्रेम, भाईचारा, समानता और बंधुता की जोड़ने वाली परंपरा है। कबीर इस परंपरा के महत्वपूर्ण कवि थे। कबीर ने धर्म संप्रदाय, जातियां, गरीब-अमीरी के खांचों में बंटे समाज को जोड़ने काम किया। उनमें चेतना जगाई। एकता, समता,प्रेम, भाईचारा, बंधुता का संदेश दिया। यही चेतना बाद में स्वतंत्रता आंदोलन की आधार भूमि बनी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र की अवधारणा आकार लेने लगी। न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता जैसे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक सुव्यवस्थित संविधान का निर्माण हुआ। संविधान निमार्ताओं ने भारतीय परम्परा में चले आ रहे मूल्यों को इसमें सम्मिलित किया।

वे कहते हैं कि आज के समय में संवैधानिक मूल्यों को समझने, मानने, और जीने की जरूरत है। उनका मानना है कि कबीर के कार्यों और विचारों से कार्य संस्कृति का विकास करके एक समतामूलक समाज और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना की जा सकती है।

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला

## डॉ. गणि राजेन्द्र विजयजी के 49वें जन्म दिवस पर 19 मई 2024

**–ललित गर्ग –**

सुखी परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना,उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो सकेगा।

निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है। गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही।



त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकडे. गुजरात के उभरते हुए गांधी हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है। गणि राजेन्द्र विजयजी परिवार को सुदृढ़ बनाने के लिये ही सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित सुखी परिवार अभियान को लेकर सक्रिय है। मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2006 से संचालित इस फाउण्डेशन का संस्थापक महामंत्री बनने से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। गणिजी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बच्चों को संस्कारी बनाने की दृष्टि से गणि राजेन्द्र विजय विशेष प्रयास कर रहे हैं। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है।

सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न बनाया जा सकता है। मेरी दृष्टि में गणि राजेन्द्र विजयजी के उपक्रम एवं प्रयास आदिवासी अंचल में एक रोशनी का अवतरण है, यह ऐसी रोशनी है जो हिंसा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद जैसी समस्याओं का समाधान बन रही है। अक्सर हम राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं का समाधन खोजते हैं, जबकि समाधान की अपेक्षा संकट गहराता हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थों के कारण इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त लोगों का शोषण ही होते हुए देखा गया है। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में आदिवासी समाज कृतसंकल्प है रोशनी के साथ चलते हुए इस आदिवासी अंचल के जीवन को उन्नत बनाने एवं संपूर्ण मानवता को अभिप्रेरित करने के लिये।

गणि राजेन्द्र विजयजी के आध्यात्मिक आभामंडल एवं कठोर तपचर्या का ही परिणाम है आदिवासी समाज का सशक्त होना। सर्वाधिक प्रसन्नता की बात है कि अहिंसक समाज निर्माण की आधारभूमि गणि राजेन्द्र विजयजी ने अपने आध्यात्मिक तेज से तैयार की है। अनेक बार उन्होंने खूनी संघर्ष को न केवल शांत किया, बल्कि अलग-अलग विरोधी गुटों को एक मंच पर ले आये। जबकि गुट व्यापक हिंसा एवं जनहानि के लिये तरह-तरह के हथियार लिये एक दूसरे को मारने के लिये उतावले रहते थे। हिंसा की व्यापक संभावनाओं से घिरे इस अंचल को अहिंसक बनाना एक क्रांति एवं चमत्कार ही कहा जायेगा। सचमुच आदिवासी लोगों को प्यार, करूणा, स्नेह एवं संबल की जरूरत है जो गणिजी जैसे संत एवं सुखी परिवार अभियान जैसे मानव कल्याणकारी उपक्रम से ही संभव है, सचमुच एक रोशनी का अवतरण हो रहा है, जो अन्य हिंसाग्रस्त क्षेत्रों के लिये भी अनुकरणीय है। गणि राजेन्द्र विजयजी की विशेषता तो यही है कि उन्होंने आदिवासी उत्थान को अपने जीवन का संकल्प और तड़प बना लिया है।

# स्वाति मालीवाल से जुड़ा बवाल

**@ राकेश अचल**

आम आदमी पार्टी की खास नेत्री सुश्री स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निज सचिव द्वारा की गयी मारपीट की घटना अब रोचक हो गयी है। इस घटना की तह में जाने से पहले आपको स्वाति का अर्थ और स्वाति का महत्व समझना चाहिए। स्वाति का अर्थ है सरस्वती। स्वाति का अर्थ है तलवार। स्वाति हिन्दू धर्म से जुड़ा बहुत ही मन मोहने वाला नाम है। स्वाति सरस्वती है और एक नक्षत्र भी। स्वाती नाम की राशि कुंभ है। इस राशि की लड़कियां स्वभाव से बेहद ईमानदार होती हैं। यह किसी भी परिस्थिति के हिसाब से अपने आप को ढाल लेती हैं। स्वाती नाम की लड़कियां अक्सर दोस्ती करने से पहले सामने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से परखती है। इस राशि की स्वाती नाम की लड़कियों के करियर की बात करें तो यह फोटोग्राफर, वैज्ञानिक, लेखिका, मनोवैज्ञानिक व वकील सफलतापूर्वक बन सकती हैं।



आप की नेता और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ जो कुछ हुआ वो विस्मयकारी, पीड़ादायक और निंदनीय है। लेकिन सवाल ये है कि सामाजिक आंदोलन से होते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़ी स्वाति के साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव को इतनी बदतमीजी करने का साहस अचानक आ कहाँ से गया ? स्वाति न मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई हैं और न उनके निज सचिव के लिये। आप ने स्वाति को महिला आयोग का अध्यक्ष भी बनाया और राज्य सभा भी भेजा, जाहिर है कि वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रहीं हैं, लेकिन अचानक उनके साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव का दुर्व्यवहार ये जाहिर करता है कि स्वाति के किसी क्रियाकलाप से मुख्यमंत्री के निज सचिव अवगत थे और उन्होंने इसीलिए स्वाति को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका और जब नहीं रुकीं तो जो किया सो सब सीसीटीवी में कैद है।

इस घटना के बाद स्वाति आप में रहेंगीं इसमें मुझे संदेह है। मुझे आशंका है कि वे आजकल में ही भाजपा के शरणार्थी शिविर में आश्रय ले सकतीं है। मामला पुलिस के पास पहुँच चुका है और पुलिस मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय तक। भाजपा बहुत पहले से वहां पहुंचना चाहती थी, लेकिन रास्ता अब बना, वो भी स्वाति के जरिये। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा की आँखों की सबसे बड़ी किरकिरी हैं, और शायद इसीलिए केजरीवाल की जमानत का भाजपा निविरोध किय। गनीमत है कि बड़ी अदालत ने जमानत की आलोचना को दरियादिली के साथ लिया और कुछ कहा नहीं। आखिर में स्वाति भाजपा के काम आयीं और उन्होंने जानबूझकर एक तय पटकथा के तहत जो करना था सो किया। उन्हें इसका फल मिलेगा, न्याय भी मिलेगा लेकिन उन्होंने अपने आपको समाप्त भी कर लिया। अब वे सरस्वती नहीं रहीं। सचमुच की स्वाति से हटकर उनका व्यक्तित्व शून्य बन गया है।

आपको बता दें की स्वाति नक्षत्र आकाश मंडल में 15वाँ नक्षत्र होकर इसका स्वामी राहु यानि अधंकार है। स्वाति मालीवाल भी मुमकिन है कि आम आदमी पार्टी का 15वां नक्षत्र ही हों और उनका स्वामी भी कोई अन्धकार ही हो। कहावत भी है कि जब स्वाति नक्षत्र में ओस की बूँद सीप पर गिरती है तो मोती बनता है। इस बूँद के लिए चातक भी तरसता है और सीप भी। मुमकिन है कि "आप" भी स्वाति को इतना ही महत्वपूर्ण मानता हो।

लेकिन अब आम आदमी पार्टी के लिए स्वाति पहले वाली स्वाति नहीं रही। आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल के लगाए सारे आरोप झूठे और निराधार है। साजिश के तहत स्वाति को बीजेपी ने भेजा था। स्वाति सीएम हाउस में जबरदस्ती घुसी थी। बीजेपी ने पूरे मामले की साजिश रची है। बिभव पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

स्वाति हर पार्टी में है। हर पार्टी का अपनी महिला नेत्रियों के प्रति एक जैसा रवैया होता है। मैंने अपने पांच दशक के पत्रकारिता के जीवन में निकट से जाना है कि चाहे कांग्रेस हो, भाजपा हो, वामपंथी हों, समाजवादी हों या फिर और कोई विचारधारा के दल महिलाओं का केवल इस्तेमाल करते हैं और वक्त आने पर उन्हें दूध में पड़ी मख्खी की तरह निकाल भी फेंकते है। उन्हें संरक्षण कोई नहीं देता। स्वाति ने भी इस हकीकत को शायद समझा नहीं या समझ लिया तो कुछ ज्यादा ही समझ लिया। स्वाति आम चुनाव के पांचवें चरण के पहले सत्तापक्ष की और से चली गयी एक गोटी भर हैं। जिन्हें उनका इस्तेमाल करना था वे कर चुके हैं और स्वाति को पता भी नहीं चला। अब पुलिस और अदालत स्वाति को जितना न्याय दिला सकती है शायद दिला भी दे किन्तु स्वाति का जो नुक्सान होना था उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता, न भाजपा और न "आप"।

स्वाति को कांग्रेस के जमाने के स्त्री उत्पीड़न के मामले शायद याद नहीं है। वे तंदूर कांड भूल गयीं वे भाजपा के दस साल के कार्यकाल में हुए स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं को भी शायद याद नहीं रख पायी। वे मप्र का हनीट्रैप कांड और कर्नाटक का ताजा रेमन्ना कांड भी याद नहीं रख सकीं, और उस पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल कर ली गयीं जिस पार्टी ने उन्हें पहचान, रूतबा, पद और पैसा उपलब्ध कराया। वे पीड़िता हैं इसलिए मैं उनके साथ हूँ किन्तु उन्होंने जिस तरह से अपना इस्तेमाल होने दिया उसे देखते हुए मैं उनके साथ नहीं भी हू। वे अब स्वाति नक्षत्र की उस बूँद जैसी हैं जो किसी सीप में पड़े कच्चे माल को मोती में तब्दील नहीं कर सकतीं। वे किस अतृप्त चातक के लिए जीवनदायनी भी साबित नहीं हो सकती। वे द्रोपदी की तरह अपमानित भी हुईं और महाभारत भी नहीं करा पायीं, क्योंकि उनके होने या न होने से अब आप का कोई नुक्सान होने वाला नहीं है।

बहरहाल अब आने वाले दिनों में स्वाति को न्याय मिलेगा या नहीं ? भाजपा उन्हें शरण देगी या नहीं ? "आप" उन्हें अपनाएगी या नहीं ? ऐसे सवाल हैं जिनका जबाब कोई नहीं दे सकता। बस प्रतीक्षा कीजिये की आने वाले दिनों में राजनीति कितनी और बदसूरत हो सकती है। हर दल की स्वातियों को सावधान हो जाना चाहिए और अपने आपको इस्तेमाल होने से बचना चाहिए।

# प्रत्येक में एक ही जगतनियंता प्रभु का प्रतिबिंब...!

हफीज जौनपुरी ने इंसानियत के बारे में क्या खूब लिखा है -'आदमी का आदमी हर हाल में हमदर्द हो, इक तवज्जोह चाहिए इंसाँ को इंसाँ की तरफ।' इंसानियत यानी कि मानवता ही वास्तविक धर्म है। वास्तव में, धर्म का सार ही है-- 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्' अर्थात जो व्यवहार हम दूसरों से अपने लिए चाहते हैं वैसा ही सभी के साथ वरतें।वास्तव में, यही तो मानवता है। अब आप यहां कह सकते हैं कि मैं यहां मानवता की बात क्यों कर रहा हूं ? दरअसल, आज दिन-ब-दिन मानवता जैसे मूल्यों का लोप होता चला जा रहा है। लेकिन बावजूद इसके भी कई बार हमें जीवन में ऐसे उदाहरण भी देखने को मिलते हैं कि मानवता की मिसाल भी देखने को मिल जाती है, जो युगों युगों तक हमारे जेहन में बनी रहती है। वैसे आज के समय में, सड़क पर कोई एक्सीडेंट हो जाए तो लोग एक्सीडेंट स्थल का विडियो जरूर बनाने लगते हैं, फोटो खींचने लगते हैं लेकिन एक्सीडेंट में घायल लोगों की मदद के लिए आगे नहीं आते। आज दुनिया स्वार्थ की ओर अग्रसर हो गई है और नैतिक मूल्यों का लगातार ह्रास होता चला जा रहा है। तभी शायद महान कवि मैथिलीशरण गुप्त जी को कभी यह लिखना पड़ा था -'विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी, मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करे सभी। हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए, मरा नहीं वहीं कि जो जिया न आपके लिए। यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे, वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे। उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती, तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती। अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे, वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।' माना कि आज हर तरफ लालच, स्वार्थ का बोलबाला है, मनुष्य आपा-धापी भरी जिंदगी जी रहा है लेकिन मनुष्य में एक दूसरे के प्रति आत्मभाव जरूर होना चाहिए। मनुष्य ही मनुष्य के काम आता है और आना भी चाहिए और यह सृष्टि देखा जाए तो 'आत्मभाव' यानी कि 'मनुष्यता' या यूं कहें कि 'मानवीयता' पर ही चल रही है, जो भारतीय संस्कृति का एक गुण भी है। हाल ही में मानवीयता का एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जब एक बच्चे को विदेश से बहुत महंगा इंजेक्शन मंगवाकर , उसे बच्चे को लगाकर उसकी जीवनरक्षा की गई। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले मात्र 23 महीने के बच्चे हृदयांस को स्पाइनल मस्कुलर एस्ट्रॉफी नामक घातक बीमारी से बचाने की मुहिम चलाई गई थी। राजस्थान पुलिस में एक उपनिरीक्षक के बेटे हृदयांश को नई जिंदगी देने की मुहिम आखिरकार सफल हो गई। हृदयांश को बचाने के लिए हर कोई आगे आया। यह मानवता का एक बहुत अच्छा उदाहरण है। मीडिया के हवाले से आई खबरों से पता चलता है कि बच्चे को बचाने के लिए एक्टर से लेकर क्रिकेटर और सब्जी विक्रेता यानी कि आम आदमी तक ने बच्चे को बचाने के लिए मदद की। मदद के अभाव में बच्चे की जान जा सकती थी। जैसा कि साढ़े सत्रह करोड़ रूपए बहुत बड़ी रकम होती है और आम आदमी से लेकर मध्यम वर्ग तो दूर की बात,किसी करोड़पति के लिए भी इतनी बड़ी धनराशि इलाज के लिए जुटाना शायद ही संभव हो सकता था, लेकिन यह मानवता ही थी, जिसके कारण आज बच्चे की जान बच सकी है। पाठकों को बताता चलूं कि जयपुर के जेके लोन अस्पताल में 24 महीने के हृदयांश को 17 .50 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगाया गया और उसकी जान बचाई गई। यह भी बता दूं कि इतना महंगा इंजेक्शन क्राउडफंडिंग के जरिए अमेरिका से मंगवाया गया था। इस साल यानी कि वर्ष 2024 में हृदयांश जब बीस महीने का था, तब राजस्थान पुलिस ने बच्चे के इलाज के लिए क्राउड फंडिंग अभियान शुरू किया था। हालांकि इंजेक्शन बच्चे के दो साल का हो जाने पर लगाया जाना था लेकिन इतनी बड़ी रकम जुटाने के लिए यह अभियान चार महीने पहले ही शुरू कर दिया गया। आज पैसे की अनुपलब्धता के चलते देश में अनेक लोगों की जानें चली जाती है। स्वास्थ्य व शिक्षा की जिम्मेदारी हालांकि सरकार की होती है लेकिन भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और यहां हर व्यक्ति के संसाधनों को जुटाया जाना इतनी आसान बात नहीं है, लेकिन मानवता बहुत कुछ संभव बनाने की क्षमता रखती है। आज देश में बहुत से एनजीओ कार्यरत हैं, अनेक सामाजिक संस्थाएं भी हैं जो समय समय पर आमजन के हितार्थ बहुत से कामकाज करतीं हैं लेकिन हृदयांश के मामला इसलिए ज्यादा चर्चित हुआ क्यों कि इसमें एक आदमी को इलाज के लिए इतनी बड़ी रकम जुटानी थी। यह बहुत सराहनीय है कि देश, विदेश से अनेक लोग इसके लिए बढ़-चढ़कर आगे आये, लेकिन यहां यह भी सोचनीय है कि आखिर दवाएं इतनी अधिक महंगी क्यों हैं ? साढ़े सत्रह करोड़ के इंजेक्शन में आखिर ऐसा क्या होगा, जो इसे विदेश से इतनी महंगी कीमत पर क्राउड फंडिंग के जरिए मंगाना पड़ा ? दवाओं के मामलों में न तो मरीज और न ही मरीज के परिजन दवा विक्रेताओं से मोलभाव कर सकते हैं। यक्ष प्रश्न यह भी है कि आज देश में दवाओं पर जितनी कीमत लिखी जाती हैं , क्या वास्तव में वे उतनी कीमत की होती हैं अथवा उसमें दवा विक्रेताओं, डिस्ट्रीब्यूटरों, दवा कंपनियों का लाभ अधिक छुपा होता है।

# भाजपा प्रत्याशी की बल्ले-बल्ले देख विपक्षियों के दिलों में चल रहे आरे

## सर्व समाज का मतदाता भाजपा के पक्ष में है लामबन्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के मतदान में सिर्फ 48 घंटे बचे हैं। जैसे-जैसे मतदान की तिथि करीब आ रही है, वैसे-वैसे अफवाहों के बाजार गर्म होने के साथ राजनैतिक दल के प्रत्याशियों की बेचैनी बढती जा रही है।

सभी दलों के लोग ब्राम्हण मतों को रिझाने में जुटे हैं। इसे लेकर कुछ लोग सोशल मीडिया में फेक आईडी बनाकर भाजपा प्रत्याशी की छवि धूमिल करने को भी सक्रिय हो गये हैं। यूं तो बांदा-चित्रकूट लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल, गठबंधन प्रत्याशी कृष्णा पटेल व बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी खासतौर से चुनावी समर में हैं। इन्हीं तीनों के बीच चुनाव में जीत-हार होनी है। जीत-हार को कुछ लोग हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। सोशल मीडिया में तेजी से वायरल फेक आईडी में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल की छवि धूमिल करने के कुप्रयास हुए हैं। हालांकि उन्होंने प्रेसवार्ता कर स्थिति साफ की है। वैसे भी सांसद आरके सिंह पटेल ने तीस साल की राजनीति में किसी को अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया। वे घिनौनी राजनीति से हमेशा दूर रहे हैं। नये युग के प्रत्याशी के शरारती तत्वों की ये


भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल।

हरकत समझ में आ रही है। वैसे पुलिस अधीक्षक ने दावा किया है कि जल्द ऐसे लोगों का पर्दाफाश किया जायेगा।

चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी व भाजपा प्रत्याशी एक ही जाति से हैं। महज बसपा प्रत्याशी ब्राम्हण जाति से हैं। जिसमें भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में ब्राम्हण समेत सभी वर्गों के लोग लामबन्द दिख रहे हैं। ये बात अन्य दलों के प्रत्याशियों को साल रही है।

वे हर हथकंडे अपनाकर चुनाव जीतने का ख्वाब संजोये हैं। सभी दलों के लोगों की निगाहें ब्राम्हण समाज के मतदाताओं पर टिकी हैं। इस वर्ग का मतदाता भी लोकसभा क्षेत्र में निर्णायक भूमिका रखता है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में ओबीसी समाज, ब्राह्मण समाज, अनुसूचित जाति समाज के साथ सर्व समाज के लोग लम्बे समय से लामबन्द हैं, क्योंकि आरके पटेल तकरीबन सभी दलों में रह चुके हैं। उनकी हर वर्ग में खासी पैठ है। वे सभी लोगों के दुख-सुख में हमेशा काम आते रहे हैं। जिले के मऊ-मानिकपुर विधानसभा के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ब्राम्हण समाज के मतों को उनके पक्ष में साधने में जुटे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख मऊ सुशीला देवी, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, ब्लाक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख कर्वी प्रतिनिधि गुलाब पटेल मुस्तैदी से सर्व समाज के मतों को एकजुट करने में जुटे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चातुर्वेदी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं समेत भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाये हैं। बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा सर्व समाज को लेकर हुंकार भर रहे हैं। मानिकपुर विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी बलबीर पाल समाज के मतों को साधने में लगे हैं। ओबीसी समाज से लोधी, कुम्हार, निषाद का खासा वोट बैंक भाजपा के पक्ष में खड़ा नजर आ रहा है। अनुसूचित जाति व जनजाति का वोट बैंक भी भाजपा के खेमे में जाता दिखाई दे रहा है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी की बल्ले-बल्ले देखकर लोगों के दिलों में आरे चल रहे हैं- तो क्यों न सोशल मीडिया का सहारा लेकर उनकी छवि धूमिल करने के कुप्रयास भी जारी हैं।

## सर्वप्रिय हैं आरके पटेलः शक्ति तोमर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशी/ सांसद आरके सिंह पटेल के बारे में सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि सांसद ने आज तक किसी का व्यक्तिगत विरोध नहीं किया। वे सबके दुख-सुख में साझीदार रहे हैं। वे समाज में सर्वप्रिय व लोकप्रिय नेता के बतौर जाने जाते हैं।

शनिवार को सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने ये उद्गार व्यक्त किये। कहा कि सभी लोगों के लिए आसानी से सुलभ होने वाले आरके सिंह पटेल जैसा नेता मिलना दुर्लभ है। वे सर्वप्रिय होने के साथ आज तक किसी को अप्रिय शब्द नहीं बोले। खासतौर पर ब्राम्हणों को तो वे हमेशा से पूजते आ रहे हैं। उनकी खासियत ये है कि वे हमेशा गरीबों की मदद को आगे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के


शक्ति प्रताप सिंह तोमर।

बाद उनका केन्द्र में मंत्री बनना तय है। इसलिए उनकी जीत से संसदीय क्षेत्र का कल्याण होना भी सम्भव है। उनकी जीत से क्षेत्र में रोजगार के तमाम साधन उपलब्ध होंगे। ऐसे में उनकी जीत के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए, ताकि क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके। ये बात उन्होंने आज बांदा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा में गृहमंत्री के हवाले से कही है। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री की सभा इतनी विशाल थी कि विपक्षी भौचक रह गये हैं।

# गृहमंत्री बेरोजगारी पर नहीं बोले एक शब्दः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष/प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि बांदा-चित्रकूट का दुर्भाग्य है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज अपने वक्तव्य में मौलिक समस्याओं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पर एक शब्द नहीं बोले। शनिवार को सपा नेता अनुज सिंह यादव ने कहा कि आखिर आम जनता खासतौर पर युवा कब तक राम मंदिर के नाम व चुनावी राष्ट्रभक्ति के नाम पर वोट देता रहेगा। ऐसे लोगों को जनमानस से कोई मतलब नही है। उन्होंने कहा कि इस बात को जनता को समझने की जरूरत है। राम मंदिर व सर्जिकल स्ट्राइक पर कब तक वोट करते रहेंगे। किस


सपा नेता अनुज सिंह यादव।

मुंह से प्रत्याशी के पास मौलिक समस्या को लेकर जायेंगे। ऐसे में माननीय क्यों सुनेंगे। उन्होंने कहा कि सोच-समझकर सभी लोग मतदान करें। हमे खुद का विकास करना है या लोगों के झांसे में आते रहना है। जब हम खुद का विकास करेंगे और बढ़ेंगे तभी देश विकसित होगा।

## 20 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में 20 मई को मतदान के दिन शासनादेश के चलते सभी प्रतिष्ठान व कारखाने में काम करने वाले कर्मचारियों की मतदान को छुट्टी रहेगी, ताकि सभी लोग मतदान में हिस्सा ले सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकहित में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिले की सभी दुकानें बन्द रहेंगी। ये अवकाश सवैतनिक होगा। इसका शत-प्रतिशत अनुपालन कराना जरूरी है। इस आदेश का अनुपालन न होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# पोलिंग पार्टी रवानगी-स्ट्रांग रूम की डीएम ने देखी व्यवस्थायें, सभी स्थानों पर हों बेहतर व्यवस्थाः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के लिए पोलिंग पार्टियां रवानगी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कार्मिक काउंटर, ट्रांसपोर्ट, पुलिस काउंटर, पार्किंग, मेडिकल कैंप आदि देखा। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि साफ-सफाई व पानी का छिड़काव करायें। कार्मिक काउंटर बाबत कहा कि 12 काउंटर कर्वी व 11 काउंटर मानिकपुर को अलग-अलग


व्यवस्था बाबत निर्देश देते डीएम।

बैरिकेडिंग करायें। पार्टी रवानगी के साथ पुलिस कर्मियों के काउंटर बाबत कहा कि चित्रकूट बाल विद्यालय की ओर काउंटर बनाया जाये। एडीएम से कहा कि प्रत्येक काउंटर का बैनर बूथ वाइज लिखा रहे। टेंट में छाया की व्यवस्था बेहतर रहे। मेडिकल कैंप में ओआरएस रखवायें। उन्होंने ईओ व एक्सईएन जल संस्थान से कहा कि पानी का टैंकर व मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करायें। एसडीएम न्यायिक मोहम्मद जसीम से वाहनों की व्यवस्था बाबत जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थायें देखी। सीसीटीवी कैमरा संचालन, बैरीकेडिंग, मतदान सामग्री रिसीविंग टेबल, विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि रामायण मेला ग्राउंड की साफ-सफाई करायें। पानी का टैंकर, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा को बैरक का जायजा लिया। एडीएम से कहा कि रैन बसेरा भी अधिग्रहीत करें। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, डीडीओ आरके त्रिपाठी, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ, डीपीआरओ इन्द्र नारायण सिंह, बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# फर्जी आईडी बना कुछ लोग कर रहे घिनौनी राजनीतिः आरके सिंह पटेल

## ब्राम्हण सदैव से रहा है सम्माननीय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशी/ सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि कुछ लोग घिनौनी राजनीति में उतर रहे हैं। उनके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ब्राम्हणों के प्रति अभद्र टिप्पणी की है। पुलिस अधीक्षक से पर्दाफाश करने को कहा है। उनके प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल ने ये बात शनिवार को केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि भाजपा विकासवाद का नारा देती है, जातिवाद का नहीं। विरोधी पीएम मोदी के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। नहीं चाहते कि मोदी फिर से पीएम बने। बडे पैमाने पर लोग विरोध जता रहे हैं। एसपी को पत्र लिखा है कि फर्जी फेसबुक आईडी में अभद्र टिप्पणी करने वालों को जेल भेजा जाये। एसपी ने भरोसा दिया है कि जल्द कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि तीस साल की राजनीति में कभी किसी को अपशब्द नहीं कहा। न ही किसी पर कोई टिप्पणी की है। भाजपा के मूल मतदाता ब्राम्हण हैं, ब्राम्हण वैसे ही पूज्यनीय है- उनका सदैव सम्मान किया है। गरीब, किसान, मजदूर को हमेशा सम्मान देते आ रहे हैं। ब्राम्हण वोट भाजपा में है, उसे डिगाने के कुप्रयास हो रहे हैं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर मौजूद रहे।


भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल व प्रतिनिधि।

## तत्काल एक्शन में आये एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि कुछ अराजकतत्वों ने फर्जी सोशल मीडिया बनाकर विभिन्न प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट कर रहे हैं। जातीय विद्वेष फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाडने का प्रयास कर रहे थे। तत्काल मामले की रिपोर्ट अपराध संख्या 341/2024 धारा 504, 505(2), 171ग, 171छ आईपीसी व 125 लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम व 66 आईटी एक्ट के तहत दर्ज किया है। विवेचना में अवांछनीय तत्वों के सूत्र हाथ लगे हैं। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जनता से अपील किया कि किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें। लोकतंत्र के महापर्व को पवित्रता से सम्पन्न कराने में भारत निर्वाचन आयोग व शासन-प्रशासन का सहयोग करें।

## शरारती तत्वों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी में लिखाई रिपोर्ट में सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि कुछ शरारती तत्व सांसद आरके सिंह पटेल की फर्जी फेसबुक आईडी मीना कुमारी आदि नाम से बनाकर जातिगत टिप्पणी व गाली-गलौज कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल को बदनाम कर जनता में छवि खराब कर रहे हैं। जाति विशेष के मतदाताओं में कटुता पैदाकर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। पुलिस ने धारा 504 व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मतदाता पर्ची की लें जानकारी : एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एसडीएम कर्वी सौरभ यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा 236 चित्रकूट में 20 मई को मतदान होना है। मतदान के पहले पर्ची वितरण कार्य क्षेत्रीय बीएलओ क्षेत्र में कर रहे हैं। मतदाता पर्ची बाबत विधानसभा चित्रकूट के मतदाताओं से कहा कि किसी को सूचना/जानकारी लेना हो तो तहसील कर्वी तहसीलदार वाचस्पति सिंह के मो नं 9454415963 व नायब तहसीलदार मंगल यादव के मो नं 9026109074 व स्टेनो मनीष निगम नं 8090444257 से जानकारी ले सकते हैं।

## भाजपा प्रत्याशी को जिताने को दिग्गजों ने झोंकी ताकत

**डिप्टी सीएम समेत रमेश अवस्थी, सुब्रत पाठक ने डाला डेरा**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 20 मई को बांदा-चित्रकूट लोकसभा के लिए मतदान होना है। सभी दल प्रचार के अंतिम चरण में ताकत झोके हैं। भाजपा ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के दिग्गजों ने क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक देर शाम से यहां प्रवास किये हैं। शनिवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सांसद आरके सिंह पटेल से खफा ब्राम्हणों की नाराजगी दूर करने को रमेश अवस्थी, सुब्रत पाठक भी डेरा डाले हैं। बांदा में विधायक प्रकाश द्विवेदी जी-जान से भाजपा प्रत्याशी को जिताने में जुटे हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज जनसभा कर प्रत्याशी को जिताने की हुंकार भी। प्रचार का आज अंतिम दिन है। सभी दल पूरी ताकत झोंके हैं। भाजपा के लिए एक-एक सीट अहम है। यहां दिग्गजों के ताकत झोंकने के मायने खासे गम्भीरता के संकेत दे रहे हैं।

## हादसा आरोपी को हुआ 16 सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कातवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर ने न्यायालय से सड़क हादसे के आरोपी को 16 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। शनिवार को सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज (जूडी) श्रीमती शैफाली यादव ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी जुबैर पुत्र जमील अहमद उटारखाना पुरानी बाजार को 16 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया है।

# क्रेडिट कार्ड लिमिट के नाम धोखाधड़ी के साइबर पीड़ितों को लौटाये 477411 रुपये

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय की टीम ने प्रयास कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर साइबर धोखाधड़ी के पीड़ित समेत दस साइबर पीड़ितों के 477411 रुपये खातों में वापस कराये हैं।

शनिवार को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने दस पीडितों के खाते में 477411 रुपये वापस कराये हैं। ज्ञात है कि बैंक आने-जाने व बैंकिंग औपचारिकताओं में समय बचाने को भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने को लोगों के


पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करता साइबर पीडित।

पास एन्ड्राइड मोबाइल हैं।

आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने में जरा सी असावधानी होने पर लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने वालों को साइबर ठगी से बचने को सावधानी जरूरी है। साइबर अपराध पीड़ितों ने रुपये मिलने पर पुलिस अधीक्षक व पुलिस टीम के प्रति आभार जताया।

## एसपी के निर्देश पर दस पर गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने रमेश यादव पुत्र सुखनन्दन यादव ओरा, संतू उर्फ श्यामलाल पुत्र रामकिशोर, जुगुल किशोर पुत्र वंशगोपाल, रामलखन पुत्र जुगुल किशोर सड़ का पुरवा मजरा चैरा, संजय कुमार उर्फ रिंकू पुत्र प्रेमचन्द्र सिकरीसानी पर गुण्डा एक्ट लगाया है। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने दीपक पटेल पुत्र राजकरन पटेल रुकमाखुर्द ददरीमाफी पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले नान मिश्रा उर्फ नानबाबू पुत्र रामानुज, राजा मिश्रा उर्फ मार्कण्डेय पुत्र गिरजाशंकर मिश्रा कौबरा, शिवदत्त द्विवेदी पुत्र नत्थू


एसपी अरुण कुमार सिंह।

द्विवेदी रामनगर व दिन्नू उर्फ दीनदयाल पुत्र पुजारी पटेल गौहारा खास पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## महापर्व को बनायें सफल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के प्रचार का शोर-शराबा थम गया है। रविवार को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों को रवाना होंगी। सोमवार बीस मई को मतदान होगा। मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोगों से खुशी-खुशी मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान कर इस महापर्व पर सफल बनायें।

# नेपाल की संसद में गतिरोध खत्म करने में जुटे प्रधानमंत्री प्रचंड



**काठमांडू।** नेपाल की संसद के बजट सत्र में पिछले छह दिनों से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' विपक्षी दल के नेताओं के लगातार संपर्क में हैं। प्रचंड ने शनिवार सुबह प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार गोविन्द आचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के नेताओं से संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने को लेकर कई बिंदुओं पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की मांग पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय जांच समिति गठित करने की मांग पर सहमति जताई है। हालांकि बातचीत के बाद प्रधानमंत्री आवास से बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत में नेपाली कांग्रेस के उपसभापति पूर्ण बहादुर खड्का ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा की तरह हमारी मांग पर सकारात्मक तो दिखे लेकिन अपने ही सत्तापक्ष को समझाने में वो नाकाम रहते हैं। खड्का ने बताया कि हमारी मांग स्पष्ट है या तो गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें या फिर उनके द्वारा जितने भी सहकारी संस्थाओं से अवैधानिक तरीके से पैसों की निकासी की गई है, उसकी जांच संयुक्त संसदीय जांच समिति से कराई जाए। इसी बीच गृहमंत्री रवि लामिछाने ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि यदि जांच समिति गठित की गई तो उनकी पार्टी के सभी मंत्री ना सिर्फ सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे बल्कि सरकार से समर्थन भी वापस ले लेंगे। नेपाली कांग्रेस ने गृहमंत्री लामिछाने की इस धमकी को सत्ता के साथ ब्लैकमेलिंग करार दिया है। कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि गृहमंत्री को अच्छी तरह पता है कि उनकी पार्टी के समर्थन से ही सरकार टिकी हुई है और उनके समर्थन वापस लेते ही सरकार गिर जाएगी इसलिए जांच से बचने के लिए लामिछाने सरकार छोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

# अमेरिका ने चीन को दी चेतावनी, रूस को सहयोग करने का मुद्दा



**वाशिंगटन:** अमेरिका के एक शीर्ष रक्षा अधिकारी ने अपने चीनी समकक्ष को रूस के साथ चीन के बढ़ते सहयोग के बारे में चेतावनी दी है. इससे पहले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया.
इंडो-पैसिफिक सुरक्षा मामलों के लिए अमेरिकी सहायक रक्षा मंत्री एली रैटनर ने शुक्रवार को चीन के अंतर्राष्ट्रीय सैन्य सहयोग के लिए केंद्रीय सैन्य आयोग कार्यालय के निदेशक मेजर जनरल ली बिन के साथ वीडियो टेलीकांफ्रेंसिंग के जरिए बात की. पेंटागन ने एक बयान में कहा कि रैटनर ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों पर चर्चा की। साथ ही रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए चीन के समर्थन पर गंभीर चिंता व्यक्त की. ये यूक्रेन में रूस के युद्ध को सक्षम बनाता है. पुतिन रूस और बीजिंग के बीच संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए चीन की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर थे. इस दौरान उन्होंने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ साझेदारी के 'नए युग' की प्रतिज्ञा की। अमेरिकी सहायक रक्षा मंत्री एली रैटनर ने यह भी दोहराया कि अमेरिका 'एक चीन' नीति के प्रति प्रतिबद्ध है. ये ताइवान संबंध अधिनियम, अमेरिकी-चीन संयुक्त विज्ञप्तियों, छह आश्वासनों द्वारा निर्देशित है. उन्होंने जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व की पुनः पुष्टि की. अमेरिकी अधिकारी ने अपने चीनी समकक्ष के साथ दक्षिण चीन सागर के निकट चीन और फिलीपींस के बीच बढ़ते तनाव के बारे में भी बात की. इस बीच चीन ने ताइवान के साथ 'सैन्य मिलीभगत' को लेकर अमेरिका की आलोचना की है। अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग के लिए केंद्रीय सैन्य आयोग कार्यालय ने शुक्रवार को वीडियो कॉल में अमेरिकी सहायक रक्षा मंत्री को बताया कि अमेरिका और ताइवान के बीच 'सैन्य मिलीभगत और साथ ही 'ताइवान स्वतंत्रता बलों' के 'अलगाववादी कृत्य', ताइवान जलडमरूमध्य में वर्तमान स्थिरता में व्यवधान के मुख्य स्रोत हैं. प्रवक्ता ने कहा, 'चीन किसी भी 'ताइवान स्वतंत्रता' अलगाववादी गतिविधियों और विदेशी मिलीभगत और समर्थन के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक जवाबी कदम उठाएगा।'


# अमेरिकी संसद की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के पति पर हमले के दोषी को 30 साल की सजा

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी संसद की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने के दोषी व्यक्ति को शुक्रवार को 30 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई, जिसे जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया था। अभियोजकों ने डेविड को 40 साल की सजा की मांग की थी। अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के दौरान डेविड शांत खड़ा दिखा। बचाव पक्ष के वकीलों ने न्यायाधीश से डेविड को 14 साल की सजा देने की अपील की थी क्योंकि उसका पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने डेविड को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि उसने एक संघीय अधिकारी के घर में घुसकर हमला किया, जो देश के इतिहास में एक अभूतपूर्व कृत्य था।

# पाकिस्तान ने उद्यमियों के समर्थन के लिए भारत सरकार को सराहा

**लाहौर।** पाकिस्तान ने भारत की सराहना करते हुए कहा है कि उसकी प्रगति का एक मुख्य कारण यह है कि वह अपने व्यापारियों का समर्थन करता है, जबकि पाकिस्तान में यदि कोई व्यापारी प्रगति करता है तो उसे चोर करार दिया जाता है। यह बात के पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भारत उद्यमियों का समर्थन करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबारियों को सम्मान दिया जाता है। मोहसिन नकवी दुबई लीक्स के बारे में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। जिसमें बड़ी संख्या में लीक हुए संपत्ति का डाटा सामने आया है। इसमें 2022 तक 17,000 पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित 23,000 से अधिक संपत्तियों की सूची शामिल हैं। संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार, दुबई लीक्स में नकवी की पत्नी को दुबई में एक मूल्यवान संपत्ति के मालिक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# पुतिन ने हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दिया भाषण, जानिए क्या कहा




**बीजिंग :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भाषण दिया और शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, युवा विकास आदि क्षेत्र में शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत की.इस वर्ष चीन और रूस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ है. शैक्षिक सहयोग हमेशा से दोनों देशों के बीच सहयोग का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है. हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय जैसे कई प्रसिद्ध रूसी विश्वविद्यालयों के साथ वैज्ञानिक और शैक्षिक सहयोग करता है।

पुतिन ने कहा कि रूस और चीन में उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग दोनों देशों के युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के अवसर प्रदान करता है और दोनों देशों के लोगों के बीच समझ को गहरा करता है. रूस चीन के साथ सहयोग को मजबूत करना चाहता है और दोनों देशों के युवाओं के लिए अधिक आदान-प्रदान और सीखने के मंच प्रदान करना चाहता है. पुतिन ने यह भी कहा कि रूस में विश्वविद्यालय, माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय में लगभग 90 हजार छात्र चीनी भाषा सीख रहे हैं और चीन में भी कई लोग रूसी सीख रहे हैं. जैसे-जैसे रूस और चीन के बीच सहयोग के क्षेत्र व्यापक होते जा रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सिंगापुर में नई कोविड-19 की लहर, मंत्री ने दी मास्क पहनने की सलाह -



**सिंगापुर :** सिंगापुर में एक नई कोविड -19 लहर देखी जा रही है क्योंकि अधिकारियों ने 5 से 11 मई तक 25,900 से अधिक मामले दर्ज किए हैं. वहीं स्वास्थ्य मंत्री (टडल्र) ओंग ये कुंग ने शनिवार को फिर से मास्क पहनने की सलाह दी है. द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने मंत्री के हवाले से कहा कि हम लहर के शुरूआती दौर में हैं और यह लगातार बढ़ रही है. इसलिए, मैं कहूंगा कि लहर अगले दो से चार हफ्तों में चरम पर यानी जून के मध्य और अंत के बीच में चरम पर होगी.
स्वास्थ्य मंत्रालय (टडल्र) ने कहा कि 5 से 11 मई के सप्ताह में कोविड ??-19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह के 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई. वहीं औसत दैनिक कोविड-19 अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या एक सप्ताह पहले के 181 के मुकाबले बढ़कर लगभग 250 हो गई. पिछले सप्ताह के दो मामलों की तुलना में औसत आईसीयू मामले कम रहे.
एमओएच ने कहा कि अस्पताल की बिस्तर क्षमता को देखते हुए सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और संबंधित रोगियों को घर वापस ले जाने के लिए कहा गया है. साथ ही चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त रोगियों को अस्पताल के वार्ड के बजाय अपने ही घर में अस्पताल में भर्ती होने का विकल्प मिलता है. ओंग ने उन लोगों से कोविड-19 वैक्सीन की एक अतिरिक्त खुराक लेने के लिए कहा है जो गंभीर बीमारी के जोखिम में हैं. इसके अलावा 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति, मेडिकल रूप से कमजोर व्यक्ति आदि शामिल हैं. ओंग ने कहा कि यदि कोविड -19 मामलों की संख्या एक बार दोगुनी हो जाती है, तो सिंगापुर की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में 500 मरीज होंगे, जिसे सिंगापुर संभाल सकता है. उन्होंने बताया कि अगर मामलों की संख्या दूसरी बार दोगुनी हो जाती है, तो 1,000 मरीज होंगे और यह अस्पताल प्रणाली पर काफी बोझ होगा. ओंग ने कहा, एक हजार बिस्तर एक क्षेत्रीय अस्पताल के बराबर है. इसलिए, मुझे लगता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को आने वाले समय के लिए खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा, फिलहाल किसी भी प्रकार के सामाजिक प्रतिबंध या किसी अन्य अनिवार्य उपाय की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सिंगापुर में कोविड ??-19 को एक स्थानिक बीमारी के रूप में माना जाता है. उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपाय लागू करना अंतिम उपाय होगा.

# जर्मनी में बाढ़ का कहर, चांसलर ओलाफ स्कोल्ज करेंगे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**बर्लिन:** पश्चिमी जर्मन राज्य सारलैंड में भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद चांसलर ओलाफ स्कोल्ज स्थिति का आकलन करने के लिए शनिवार को क्षेत्र का दौरा करेंगे. पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह तक स्थिति कुछ हद तक सामान्य हो गई थी. जिले के तकनीकी परिचालन केंद्र के प्रवक्ता ने कहा, 'जल निकायों का जल स्तर गिरने लगा है।
हालांकि, अभी भी बड़े पैमाने पर राहत-बचाव अभियान चलाया गया है. उन्होंने कहा कि क्षति की वास्तविक सीमा का अभी भी उचित आकलन किया जाना बाकी है. राज्य पर्यावरण संरक्षण एवं व्यावसायिक सुरक्षा कार्यालय के अनुसार यह बाढ़ प्रत्येक 20 से 50 वर्ष में आती है. जर्मन मौसम सेवा ने 24 घंटे से भी कम समय में प्रति वर्ग मीटर 100 लीटर से ज्यादा बारिश मापी।
इसकी तुलना में सारलैंड में पूरे अप्रैल में प्रति वर्ग मीटर 74 लीटर बारिश मापी गई. अभी तक किसी जानमाल के नुकसान होने की सूचना नहीं है. सारलैंड में पुलिस ने शनिवार सुबह तक लगभग 1,000 कर्मियों की तैनाती दर्ज की. इसके अतिरिक्त अग्निशमन दस्तों और अन्य सहायता संगठनों द्वारा भी हजारों की संख्या में तैनाती की गई। रेलवे ऑपरेटर डॉयचे बान (डीबी) के अनुसार सारलैंड में कई सड़कें अभी भी बंद हैं और रेल यातायात भी प्रतिबंधित हैं. इसने शुरू में सारलैंड की अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी थी. अधिकारियों ने कहा कि सारबर्ग-ब्यूरिग के एक व्यायामशाला में 220 लोगों को ठहराया गया था. सारबर्ग में एक रिटायरमेंट होम और मिडिल मोसेल पर ट्रिटेनहेम में एक होटल को भी खाली करा लिया गया.
करीब 50 लोगों को एक जिम्नेजियम में अस्थायी आवास पर ले जाया गया. स्कोल्ज ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के लिए शनिवार को प्रस्तावित चुनाव अभियान कार्यक्रम को रद्द कर दिया. कुछ क्षेत्रों में सफाई कार्य शुरू होने की उम्मीद थी, जबकि अन्य ने बताया कि शनिवार सुबह स्थिति तनावपूर्ण बनी रही. ट्रियर-सारबर्ग जिले में स्थानीय प्रशासकों ने कहा कि दोनों नदियों का जल स्तर ऊंचा बना हुआ है
दोषपूर्ण बैराज के कारण, मोसेल नदी पर बैकवाटर हो सकता है, जिससे संबंधित क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है. बताया जा रहा है कि आपातकालीन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि रूवर घाटी में कई घर पानी में डूबे हुए हैं. शुरूआत में इनकी सही संख्या का पता नहीं चल पाया था. जर्मन मौसम सेवा ने शनिवार की सुबह ही जर्मनी में सभी गंभीर मौसम चेतावनियों को रद्द कर दिया. परिणामस्वरूप जर्मन मौसम सेवा के अनुसार सारलैंड या राइनलैंड-पैलेटिनेट में भारी लगातार बारिश की कोई चेतावनी नहीं है. प्रभावित क्षेत्रों में कई लोग शनिवार को सफाई करना शुरू कर देंगे।

# हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है इजराइल: रक्षा मंत्री योव गैलेंट

**यरुशलम:** इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि उनका देश लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है. लेबनान के साथ इजराइल की उत्तरी सीमा के पास सैनिकों के साथ बात करते हुए गैलेंट ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को अपने घरों में सुरक्षित लौटाएगा और ऐसा करने के लिए हर अवसर की तलाश कर रहा है. उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि युद्ध की कीमत सभी को चुकानी पड़ती है. युद्ध का एक लंबा दौर लेबनान और हिजबुल्लाह के लिए विनाशकारी होगा, लेकिन हमें इसकी कीमत चुकानी होगी और हम इससे बचना चाहेंगे.

**नागरिकों की रक्षा के लिए कर सकते हैं कार्रवाई**

गैलेंट ने कहा कि कुछ भी हो सकता है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए. अगर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि हमें कार्रवाई करने की आवश्यकता है, तो हम ऐसा केवल इसलिए करेंगे क्योंकि हमें अपने नागरिकों की रक्षा करनी है.

**इजराइली सेना का हिजबुल्लाह पर हमला**

इससे पहले शुक्रवार को इजराइली सेना ने कहा था कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के वायु रक्षा बुनियादी ढांचे, लॉन्चरों और संरचनाओं पर हमला किया है. लेबनान की रिपोर्टों के अनुसार, इजराइली हमलों में समूह का एक स्थानीय नेता मारा गया.

**हिज्बुल्लाह और इजराइली सेना के बीच गोलीबारी तेज**

वहीं, हिजबुल्लाह के हमले शुक्रवार को भी जारी रहे, उत्तरी इजरायल में दर्जनों रॉकेट और ड्रोन लॉन्च किए गए. हाल के दिनों में हिज्बुल्लाह और इजराइली सेना के बीच गोलीबारी तेज हो गई है. हिजबुल्लाह ने इजराइल के खिलाफ नए प्रकार के रॉकेट तैनात किए हैं और अक्टूबर के बाद से इजराइली क्षेत्र में ड्रोन हमला किया है।

# नेपाल में राजनीतिक गतिरोध के बीच अध्यादेश के जरिए बजट लाने की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच सरकार अध्यादेश के जरिए बजट लाने की तैयारी कर रही है। सत्तापक्ष ने संकेत दिया है कि आज शाम तक यदि विपक्षी दलों के साथ सहमति नहीं हुई तो अध्यादेश के जरिए ही बजट लाया जाएगा। नेपाल में संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक देश का आम बजट हर वर्ष 30 मई से पहले हर हाल में लाना ही होता है। विपक्षी दलों के अवरोध के कारण सरकार अब तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापन तक नहीं कर पाई है। बजट सत्र में विपक्षी दलों का पिछले एक हफ्ते से जारी संसद गतिरोध खत्म नहीं हो पा रहा है, सरकार के सभी प्रयास असफल हो रहे हैं। आज होने वाली निर्णायक वार्ता से पहले किसी भी पक्ष ने झुकने के संकेत नहीं दिए हैं। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री की तरफ से अंतिम समय तक सहमति का प्रयास किया जाएगा, लेकिन यदि विपक्षी दलों के साथ सहमति नहीं बनी तो सरकार के पास अध्यादेश के जरिए बजट लाने का रास्ता बचेगा। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि प्रधानमंत्री वार्ता में कुछ और कहते हैं और उनके सत्ता सहयोगी दल कुछ और विचार रखते हैं। गगन थापा ने कहा कि लाखों नेपाली गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई सहकारी संस्थाओं के मार्फत डूबी है। इस मामले में गृहमंत्री रवि लामिछाने की संलग्नता का प्रमाण मीडिया में प्रकाशित होने के बावजूद छानबीन नहीं होने देना उनकी नीयत पर शंका है। सत्तापक्ष से जुड़े प्रमुख दल नेकपा एमाले और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी संसदीय समिति जांच के खिलाफ हैं।

# मालदीव भी फंसा चीन के कर्ज जाल में, आईएमएफ की चेतावनी के बाद कर्ज चुकाने की कर रहा जुगत

**माले।** चीन ने श्रीलंका के बाद मालदीव को भी अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है, जिससे मालदीव सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है। ताजा घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से मालदीव को ऋण संकट के उच्च जोखिम की चेतावनी देने के बाद चीनी ऋण चुकाने के लिए मालदीव रास्ता तलाश रहा है। उसने इसे लेकर चीन से ऋण पुनर्गठन कर राहत देने की अपील की है। चीन ने कहा है कि मालदीव सरकार द्वारा वर्तमान में चीन से लिए गए कर्ज पर ऋण पुनर्भुगतान में कुछ आसानी प्रदान करने पर देशों के बीच चर्चा हो रही है। हालांकि, मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने कहा कि ऋण पुनर्गठन कोई समाधान नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से मालदीव को बीजिंग से आगे वित्तीय सहायता मांगने में बाधा उत्पन्न होगी। राजदूत वांग ने कहा कि चीन और मालदीव की तकनीकी टीम इस मुद्दे की जिम्मेदारी संभाल रही है। वांग ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि चीन मालदीव को ऋण जाल में डाल रहा है और इस बात पर जोर दिया कि चीन ने हमेशा मालदीव का सम्मान किया है। साथ ही देश में चल रही परियोजनाएं चीन के लिए लाभ या लाभ के किसी भी उद्देश्य से संचालित नहीं की जा रही हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का चीन की सेवा आयात की मांग के साथ गहरा संबंध है, जो दशार्ता है कि चीनी बाजार मालदीव के विकास का प्रमुख वाहक बना रहेगा, जो मालदीव के विकास के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

# गाजा युद्ध मुद्दे पर कैलिफोर्निया विवि के प्रेसिडेंट ने दिया इस्तीफा -



**सैन फ्रांसिस्को:** कैलिफोर्निया में सोनोमा स्टेट यूनिवर्सिटी (सीएसयू) के प्रेसिडेंट मिंग-तुंग माइक ली ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. एक दिन पहले ही सीएसयू के अधिकारियों ने उन्हें छुट्टी पर भेज दिया था. दरअसल माइक ली ने घोषणा की थी कि संस्थान इजरायल से शैक्षणिक और वित्तीय संबंधों को तोड़ लेगा.
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीएसयू चांसलर मिल्ड्रेड गार्सिया ने कहा कि ली ने उन्हें सेवानिवृत्त होने के अपने फैसले के बारे में सूचित किया है, उन्होंने ली की कार्रवाई को 'अवज्ञा' करार दिया और गुरुवार को एक एक्टिंग प्रेसिडेंट नामित किया. गार्सिया ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'सीएसयू का मिशन उन सभी के लिए एक समावेशी संस्थान नाना है जिनकी हम सेवा करते हैं, न कि एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग करना.'
दरअसल विश्वविद्यालय के कैंपस में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन चल रहा था. इसी को लेकर माइक ली ने फिलिस्तीनी समर्थक छात्रों से एक समझौता किया था, जो परिसर में कैंप लगाए हुए थे। उन्होंने बुधवार शाम को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और कहा कि उन्होंने सीएसयू लीडर्स की मंजूरी के बिना काम किया. 28 साल तक सैक्रामेंटो स्टेट यूनिवर्सिटी में एडमिनिस्ट्रेटर और बिजनेस प्रोफेसर के रूप में काम करने के बाद माइक ली दो साल से भी कम समय से सोनोमा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट थे.